आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* भगवान वामन प्राकट्योत्सव”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 251 | उज्जैन, बुधवार 23 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल 12 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

धार्मिक नगरी से धोखा : शराब कारोबारियों का पेट कभी नहीं भरेगा

# जन आंदोलन की दरकार... महिलाएं और सामाजिक संगठन आगे आएं, तभी शहर के मुहाने से उखाड़ कर फेंक सकते हैं शराब का कलंक

## शराबबंदी के सरकारी फैसले का रास्ता निकाल रहे कारोबारी, नियमों की निगरानी पर आबकारी और हाईवे एजेंसियों से सवाल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

धार्मिक नगरी को शराब के कलंक से मुक्त करने का सरकारी फैसला क्या केवल नगर सीमा के अंदर तक सीमित होकर रह गया है? शहर के भीतर शराब की दुकानें बंद हैं, लेकिन शहर में प्रवेश मार्गों पर कुछ दूर आगे बढ़ते ही शराब के बड़े-बड़े ठिकाने दिखाई देने लगें तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि शराब बंद हुई है या सिर्फ उसका पता बदला गया है?

सरकार ने धार्मिक आस्था के केंद्रों को शराबमुक्त करने का निर्णय लिया। उज्जैन भी इस निर्णय के दायरे में आया। शहर के भीतर शराब की दुकानें और संबंधित लाइसेंसी बार बंद किए गए। लेकिन इसके बाद शराब कारोबार ने शहर की सीमा के बाहर अपना नया ठिकाना बना लिया। परिणाम यह है कि धार्मिक नगरी के अंदर शराब की दुकान नहीं, लेकिन शहर के दरवाजे पर शराब का बाजार दिखाई दे रहा है। यही वह स्थिति है जिस पर अब प्रशासन को सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर जवाब देना होगा।

### अब महिलाओं और सामाजिक संगठनों को उठानी होगी आवाज

यदि उज्जैन को वास्तव में शराब के प्रभाव से मुक्त रखना है तो यह जिम्मेदारी केवल सरकार और प्रशासन की नहीं हो सकती। महिला संगठन, सामाजिक संस्थाएं, धार्मिक संगठन, नागरिक मंच और युवा संगठन इस मुद्दे पर तथ्य आधारित अभियान चला सकते हैं। उन्हें यह देखना होगा कि शहर की सीमा के आसपास कौन-कौन सी दुकानें हैं, वे किन मार्गों पर हैं और लागू नियमों का पालन




किस हद तक हो रहा है। शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से दस्तावेज जुटाकर सवाल पूछने होंगे। किसी दुकान को हटाने की मांग से पहले यह भी पूछा जाना चाहिए कि उसका लाइसेंस किस आधार पर है, उसका स्थान किस नियम के तहत स्वीकृत हुआ और हाईवे से संबंधित सभी शर्तों का सत्यापन किस अधिकारी ने किया।

### अब कागजी जांच नहीं, जमीन पर नाप हो

उज्जैन प्रशासन को चाहिए कि शहर की सीमा के आसपास संचालित शराब दुकानों का संयुक्त सर्वे कराए। आबकारी विभाग, एनएचएआई, एमपीआरडीसी और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर जाएं और प्रत्येक दुकान की स्थिति की वीडियोग्राफी एवं दस्तावेजी जांच करें। नक्शे पर नहीं, सड़क पर खड़े होकर देखा जाए कि दुकान दिखाई देती है या नहीं। फाइल में नहीं, मौके पर देखा जाए कि ग्राहक पहुंचता कहां से है। सिर्फ दूरी नहीं, पूरे नियमों की जांच हो। और यदि कहीं नियमों का उल्लंघन सामने आता है तो कार्रवाई भी उसी तेजी से होनी चाहिए जिस तेजी से शहर के भीतर शराब की दुकानें बंद की गई थीं।

### किसान संघर्ष समिति के आंदोलन से सीखने की जरूरत

शहरवासियों को उन जनआंदोलनों से भी सीख लेनी चाहिए जिनमें लंबे समय तक लगातार आवाज उठाकर प्रशासन और सरकार के सामने मुद्दे को जीवित रखा गया। एक-दो दिन का विरोध अक्सर सुर्खी बनकर खत्म हो जाता है। लेकिन तथ्यों, दस्तावेजों और लगातार जनदबाव के साथ चलने वाला लोकतांत्रिक आंदोलन व्यवस्था को जवाब देने के लिए मजबूर कर सकता है।
शराब के मुद्दे पर भी यदि नागरिक समाज आगे आता है तो सवाल केवल नारे का नहीं होना चाहिए। सवाल होना चाहिए–

- कितनी दुकानें बंद हुईं?
- कहां स्थानांतरित हुईं?
- किस नियम के तहत स्थान मिला?
- हाईवे से कितनी दूरी है?
- दुकान हाईवे से दिखाई देती है या नहीं?
- सीधा प्रवेश है या सर्विस रोड से पहुंच है?
- निरीक्षण किसने किया?

इन सवालों के जवाब सामने आते ही तस्वीर भी साफ हो जाएगी।

### शराब की दुकानें हटाईं या शहर के दरवाजे पर पहुंचा दीं?

- सरकारी निर्णय के बाद शहर के अंदर से शराब की दुकानें हट गईं। लेकिन शहर के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर जिस तरह शराब के नए केंद्र विकसित हुए हैं, उससे पूरे फैसले की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।
- शहर के बाहर पहुंचते ही बड़े आकार की शराब दुकानें, भारी स्टॉक और आसपास दिखाई देने वाली कारोबारी गतिविधियां यह सवाल पैदा करती हैं कि आखिर शराब की उपलब्धता को कम करने का उद्देश्य कितना पूरा हुआ?
- यदि शहर के अंदर की दुकान कुछ किलोमीटर बाहर कर देने से वही कारोबार जारी रहता है और ग्राहक को शराब लेने के लिए केवल शहर की सीमा पार करनी पड़ती है, तो इसे शराबबंदी के उद्देश्य की पूर्ण सफलता कैसे माना जाए–यह सवाल प्रशासन को जनता के सामने स्पष्ट करना चाहिए।

**धार्मिक नगरी के सम्मान का सवाल-** उज्जैन को शराबमुक्त धार्मिक नगरी बनाने का निर्णय केवल सरकारी आदेश नहीं, बल्कि शहर की धार्मिक पहचान से जुड़ा फैसला है। इसलिए इसकी सफलता का पैमाना यह नहीं हो सकता कि नगर निगम सीमा के अंदर दुकान का शटर बंद है।
असल सवाल यह है कि– क्या महाकाल की नगरी में प्रवेश करने वाले व्यक्ति को शहर के मुहाने पर शराब का बाजार दिखाई देता है या धार्मिक नगरी की पहचान?
यही सवाल अब प्रशासन, सरकार और शहरवासियों–सभी के सामने है।
शहर के अंदर से शराब हटाकर शहर के दरवाजे पर खड़ी कर देना समाधान नहीं हो सकता। यदि उज्जैन को सचमुच धार्मिक नगरी के रूप में स्थापित करना है तो शराब के कारोबार की मौजूदगी, नियमों के पालन और शहर की सीमा के आसपास की पूरी व्यवस्था पर एक बार फिर कठोर और पारदर्शी समीक्षा जरूरी है।

### शहर के अंदर छोटी दुकानें बाहर बड़े शराब केंद्र!

शराबबंदी के बाद एक और बदलाव लोगों की नजर में आया है। शहर के अंदर जिन दुकानों का संचालन सीमित आकार के परिसरों में होता था, शहर के बाहर कई स्थानों पर बड़े परिसर और भारी स्टॉक रखने की क्षमता वाले आउटलेट दिखाई देते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि शराबबंदी का असर शराब के कारोबार पर पड़ा या सिर्फ शराब की दुकानों के पते पर? यदि शहर के भीतर ग्राहक को शराब नहीं मिलती और वहीं ग्राहक शहर की सीमा से बाहर जाकर आसानी से शराब खरीद सकता है, तो नशामुक्ति की नीति की वास्तविक प्रभावशीलता का आकलन करना जरूरी है।

### कालभैरव की नगरी में भी बदला शराब का रास्ता

भगवान कालभैरव को मदिरा अर्पण करने की परंपरा से जुड़े क्षेत्र में भी पहले स्थानीय स्तर पर शराब उपलब्धता की अलग व्यवस्था थी। सरकारी शराबबंदी के बाद यह व्यवस्था बदल गई।
अब यह सवाल धार्मिक परंपरा और सरकारी नीति दोनों के संदर्भ में सामने है कि जब सरकार ने धार्मिक क्षेत्र को शराबमुक्त घोषित किया है तो ऐसी परंपराओं से जुड़े प्रशासनिक समाधान को भी स्पष्ट और पारदर्शी तरीके से जनता के सामने रखा जाना चाहिए।
शराब कारोबारियों का पेट भरता रहेगा या धार्मिक नगरी की मर्यादा भी देखी जाएगी?
शराब कारोबार स्वाभाविक रूप से अपने बाजार की तलाश करता है। दुकान शहर में बंद होगी तो कारोबार शहर के बाहर जाएगा। यही वजह है कि केवल लाइसेंस का स्थान बदलने से सामाजिक समस्या समाप्त नहीं होती। धार्मिक नगरी के मामले में प्रश्न इससे बड़ा है।
क्या शहर की सीमा खींचते ही धार्मिक वातावरण की जिम्मेदारी भी खत्म हो जाती है?
शहर के मुहाने पर शराब की बड़ी दुकान हो, आसपास शराब खरीदने वालों की भीड़ हो और दूसरी ओर कुछ किलोमीटर आगे महाकाल की नगरी शुरू हो जाए– यह दृश्य उस नीति की भावना पर सवाल खड़ा करता है जिसके तहत शहर को शराबमुक्त किया गया।

### शहरवासियों का सीधा सवाल...

जब शहर को शराबमुक्त करना ही था तो शराब कारोबार को शहर के मुहाने पर क्यों खड़ा रहने दिया गया? हाईवे के नियम–कागज पर सख्त, जमीन पर कितने लागू?
मामला केवल शराबबंदी तक सीमित नहीं है। हाईवे के आसपास शराब दुकानों के संचालन को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश भी लागू होते हैं। दुकान की स्थिति, हाईवे से उसकी दृश्यता, सीधे प्रवेश की व्यवस्था और लागू दूरी जैसे कई मानकों की जांच आवश्यक है। ऐसे में सवाल यह है कि उज्जैन के आसपास संचालित दुकानों का संयुक्त और वास्तविक स्थल निरीक्षण आखिर कितनी गंभीरता से हुआ? कहीं ऐसा तो नहीं कि कागजों में दुकान हाईवे से पीछे है और जमीन पर ग्राहक के लिए रास्ता बिल्कुल सामने? कहीं ऐसा तो नहीं कि सर्विस रोड और बायपास के नाम पर नियमों की व्याख्या ऐसी कर दी गई कि शराब दुकान का कारोबार भी चलता रहे और नियमों का उल्लंघन भी दिखाई न दे?
यही वह बिंदु है जहां आबकारी विभाग, एनएचएआई, एमपीआरडीसी और स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर पारदर्शिता जरूरी हो जाती है। बायपास के पीछे दुकान, लेकिन कारोबार हाईवे के सामने!
शहर की सीमा से बाहर दुकानें लगाने के बाद यदि दुकान को हाईवे से थोड़ा पीछे कर दिया गया हो, लेकिन उसका मुख्य प्रवेश, साइन बोर्ड, ग्राहक आवागमन और कारोबारी गतिविधियां हाईवे से स्पष्ट दिखाई देती हों, तो इसकी वैधानिक स्थिति की जांच जरूरी है। दूरी नापने से पहले यह भी देखना होगा कि दुकान दिखाई कितनी देती है और पहुंचती कहां से है। यही वजह है कि केवल नक्शे पर दूरी दिखाकर मामले को खत्म नहीं किया जा सकता। जमीन पर स्थिति क्या है, यह देखने के लिए संयुक्त निरीक्षण होना चाहिए।

### धार्मिक नगरी का प्रवेश द्वार या शराब कारोबार का नया गलियारा?

- उज्जैन में आने वाला व्यक्ति शहर के प्रवेश मार्ग पर सबसे पहले क्या देखता है, यह भी शहर की पहचान का हिस्सा है।
- महाकाल की नगरी में देशभर से श्रद्धालु आते हैं। धार्मिक पर्यटन लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में शहर के प्रवेश मार्गों के आसपास शराब के बड़े कारोबारी केंद्र दिखाई देना सिर्फ आबकारी विभाग का विषय नहीं रह जाता। यह उज्जैन की सार्वजनिक छवि और धार्मिक पहचान से जुड़ा प्रश्न बन जाता है।

## देश विदेश

### दर्द निवारक और एंटीबायोटिक के मनमाने उपयोग पर सर्कुलर जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के न्यू ड्रग्स डिवीजन ने दर्द निवारक दवाओं (एनएसएआईडी) और एंटीबायोटिक के मनमाने इस्तेमाल को लेकर सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर में कहा गया है कि एनएसएआईडी और एंटीबायोटिक समेत सभी दवाओं के आयात, निर्माण, बिक्री और वितरण को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और इसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार नियंत्रित किया जाता है।

### बिहार में लड़की को बैड टच करने वाले का एनकाउंटर

**जमुई।** बिहार के जमुई में नाबालिग छात्रा से बदसलूकी करने वाले मुख्य आरोपी नंदन यादव का पुलिस ने एनकाउंटर किया। उसने मंगलवार को पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों की माने तो आरोपी उसी मड़वा पहाड़ी के आसपास छिपा हुआ था, जहां दोनों स्टूडेंट घूमने गए थे। पुलिस के मुताबिक वायरल वीडियो में लाल गमछा पहने दिख रहा युवक नंदन है। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एनसीईआरटी 9वीं की सोशल साइंस, गणित की किताबें जारी

**नई दिल्ली।** नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग ने 2026-27 एकेडमिक सेशन के लिए क्लास 9 की 2 संशोधित किताबें लॉन्च की हैं। एनसीईआरटी की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, कक्षा 9 में गणित की नई किताब गणित मंजरी - पार्ट 2 की प्रिंटिंग पूरी हो चुकी है। यह किताब 21 सितंबर 2026 से बिक्री के लिए उपलब्ध करा दी गई है। वहीं कक्षा 9 की सोशल साइंस की नई किताब की बिक्री 30 सितंबर 2026 से शुरू होगी।

### रानी मुखर्जी की मां का 75 की उम्र में निधन



बॉलीवुड जगत में शोक की लहर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी की मां और पूर्व पार्श्व गायिका (प्लेबैक सिंगर) कृष्णा मुखर्जी का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। मंगलवार दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। परिवार ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इस दुखद खबर की पुष्टि की और इस मुश्किल वक्त में प्रशंसकों व मीडिया से निजता (प्राइवेसी) बनाए रखने की अपील की है। कृष्णा मुखर्जी के निधन से पूरी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में शोक का माहौल है। कृष्णा मुखर्जी का सिनेमा जगत से जुड़ाव केवल रानी मुखर्जी की मां होने तक सीमित नहीं था। वह स्वयं एक प्रतिभाशाली प्लेबैक सिंगर थीं, जिससे रानी को बचपन से ही घर में कलात्मक और संगीतमय माहौल मिला। कृष्णा मुखर्जी का विवाह जाने-माने फिल्म निर्देशक और फिल्मालय स्टूडियोज के सह-संस्थापक राम मुखर्जी से हुआ था। राम मुखर्जी का निधन वर्ष 2017 में हुआ था। रानी मुखर्जी अपनी मां के बेहद करीब थीं और उन्हें अपने जीवन की सबसे बड़ी ताकत मानती थीं।

### नैनो न्यूज

- **भोपाल :** प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्रों में बनेंगे स्टेडियम और हेलीपेड, मोहन कैबिनेट के अहम फैसले।
- **नई दिल्ली :** ट्राई का टेलीकॉम कंपनियों को आदेश, लो-इनकम वाले यूजर्स के लिए कम वैलिडिटी के वॉइस और रटर रिचार्ज प्लान लाएं।
- **नई दिल्ली :** स्मार्टफोन स्क्रीनगार्ड के लिए बीआईएस रजिस्ट्रेशन जरूरी होगा, घटिया क्वालिटी वाले गार्ड नहीं बिक सकेंगे, नए नियम 1 अप्रैल 2027 से लागू।
- **वाशिंगटन :** अमेरिकी चैनलों ने ट्रम्प की लाइव कवरेज रोकी, 3 मीडिया हाउस पर बैन के बाद फैसला, जवाब में व्हाइट हाउस ने ट्रम्प टीवी लॉन्च किया।
- **तेलंगाना :** अस्पताल में आग से 3 नवजात की मौत, 27 बच्चे एडमिट थे, एसी फटने की आशंका।
- **नॉर्थ कोरिया :** हाइपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट किया, 600 किमी तक गई 2 मिसाइलें।
- **वाशिंगटन :** अमेरिका की कल से ईरानी एयरलाइंस बंद कराने की धमकी, कहा- जो कंपनियां इनकी मदद करेंगी, उनके खिलाफ एक्शन लेंगे।

### हार्वेस्टर ने कार को मारी टक्कर परिवार के चार लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ बारां

राजस्थान के बारां जिले के अटरू-कवाई मार्ग पर मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार हार्वेस्टर और कार में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार चार लोग अंदर ही फंस गए। हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में डॉक्टर दंपती भी शामिल हैं। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



स्कूल ठीक करो अभियान

### स्कूलों में हालात परखने पहुंचे सौरव दास, कहीं भी घुसने नहीं दिया

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा

मंगलवार शाम ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर मुआवजे की मांग कर रहे किसानों को पुलिस ने बलपूर्वक हटाया। खींचतान में दो किसान चोटिल हुए। पुलिस ने लाठीचार्ज से इन्कार किया है।

सरकारी स्कूलों की जमीनी स्थिति जानने निकले काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सह-संयोजक सौरव दास को जिले के तीन स्कूलों के भीतर प्रवेश नहीं मिल सका। वह मंगलवार को देवला, मकौड़ा और जैतपुर वैशपुर के स्कूलों में सुविधाओं का ऑडिट करने के लिए पहुंचे थे। कहीं भी स्कूल में टीम के सदस्यों का प्रवेश नहीं मिला। देवला में तो स्कूल के बाहर पुलिस तैनात थी। ऐसे में टीम को गेट से ही वापस लौटना पड़ा। सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो में टीम के सदस्यों ने स्कूल के शिक्षकों से पूछा कि प्रवेश क्यों नहीं मिल रहा है। तो शिक्षकों ने बताया कि बीएसए का आदेश है कि किसी को भी अंदर नहीं आने दिया जाए। बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। इसके बाद दास ने स्कूलों की व्यवस्था और निरीक्षण में कथित रोक को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

### मणिपुर में 6 उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार-विस्फोटक भी जब्त

**मणिपुर।** मणिपुर के इम्फाल ईस्ट और तेंगनौपाल जिलों में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, ये गिरफ्तारियां सोमवार, रविवार और 21 सितंबर को अलग-अलग संयुक्त अभियानों में हुईं। कार्रवाई राज्य पुलिस कमांडो, असम राइफल्स और सेना ने की।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-धार्मिक वजह से वंदेमातरम न गाना अपराध नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

वंदे मातरम गीत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, धार्मिक कारणों से राष्ट्रगीत न गाने वाले व्यक्ति को आपराधिक कार्रवाई का सामना नहीं करना चाहिए।

कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने यह देखने पर सहमति दी कि वंदे मातरम न गाने को दंडनीय अपराध बनाया जा सकता है या नहीं। कोर्ट ने यह तय करने से इनकार किया कि राष्ट्रगीत केवल दो अंतरों तक सीमित रहेगा या छह अंतरों तक होगा। कानून में वंदे मातरम के गायन को रोकने या गायन में जानबूझकर बाधा डालने को अपराध बनाया गया है। यह सुनवाई गायक टीएम कृष्णा की याचिका पर हुई।






ओडिशा में जमुई जैसी छेड़छाड़ की घटना

### बाइक सवार कपल को घेरकर पीटा, युवती से बदसलूकी

एजेंसी ▶▶ ढेंकनाल

ओडिशा के ढेंकनाल जिले में कपिलाश से लौट रहे एक युवक और युवती के साथ कथित मारपीट और बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस के अनुसार, दोनों दो मोटरसाइकिलों से आए चार लोगों के समूह का हिस्सा थे। लौटते समय स्थानीय युवक से विवाद के बाद कुछ लोगों ने कथित तौर पर उनका पीछा किया और उन्हें रोक लिया।

बिहार के जमुई में एक नाबालिग लड़के और लड़की के साथ मारपीट और बदसलूकी की घटना के बाद ऐसा ही मामला अब ओडिशा में भी सामने आया है। ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक युवक और युवती के साथ कथित मारपीट और बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।



घटना कपिलाश की ओर जाने वाली सड़क पर हुई बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है और अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि युवक और युवती मोटरसाइकिल से कपिलाश गए थे। लौटते समय उन्हें कुछ लोगों के एक समूह ने रोक लिया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में कई लोग दोनों को घेरते दिखाई दे रहे हैं।

#### वायरल वीडियो में कपल से बदसलूकी करते दिखे लोग

वीडियो में एक युवक के साथ मारपीट होती दिखाई दे रही है। वहीं, कुछ लोग युवती के साथ कथित तौर पर बदसलूकी करते नजर आ रहे हैं। युवती आसपास मौजूद लोगों से बार-बार दोनों को छोड़ देने की गुहार लगाती सुनाई दे रही है। इसके बावजूद मारपीट और बदसलूकी जारी रहने का आरोप है।
मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ढेंकनाल के पुलिस अधीक्षक अभिनव सोनकर ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा, हमने दो लोगों को हिरासत में लिया है। हम अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रहे हैं।

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com
METROPOLITAN



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### महाआयोजन क्षेत्र में अतिक्रमण

दशकों पूर्व महाआयोजन क्षेत्र के कई क्षेत्रों में अतिक्रमण की शुरूआत हुई और उसके साथ बस्तियां बसना शुरू हो गई। अंकपात, पीपलीनाका, गढ़कालिका रोड पर बसी अनेकानेक बस्तियां उनमें ही शामिल हैं। मामला न्यायालय तक भी गया और जो लोग महाआयोजन क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त करवाना चाहते थे वे ही हासिए पर रहे। न्यायालय के आदेश होने पर भी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट गए और सत्ताओं के समर्थन से महाआयोजन क्षेत्र में अतिक्रमण स्थाई हो गए। धीरे-धीरे कई लोगों ने महाआयोजन क्षेत्र में जमावट के साथ अपने अतिक्रमणों को अंजाम दिया है। शेष रहा कोई तो वो किसान रहा है उसे खेत पर रहने के लायक मकान तक नहीं बनाने दिया गया है। एक नहीं अनेक उदाहरण हैं। कई बार अधिकारियों के आदेश के बाद भी महाआयोजन के क्षेत्र में अतिक्रमण की स्थिति हो जाती है। निर्माण खासे स्तर तक कर लिया जाता है उसके बाद जिम्मेदार जागृत होते हैं। यही स्थिति हालिया देखी गई है। लालपूल के पास सप्ताह की शुरूआत में महाआयोजन के क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए दो पोकलेन मशीन एवं जेसीबी मशीनों की सहायता ली गई है। तय है निर्माण काफी हद तक आश्रम ने कर लिया था उसके बाद यह कार्रवाई की गई है। अतिक्रमण रूपी उक्त अवैध निर्माण हटाना जरूरी भी था और इसकी प्रशंसा की जाना चाहिए लेकिन इसके पीछे उठ रहे सवाल काफी हद तक वाजिब कहे जा सकते हैं। खुसूर-फुसूर है कि जब आश्रम ने इतना निर्माण कर लिया कि दो पोकलेन मशीन एवं जेसीबी मशीनों का सहारा लेना पड़ा तब तक शहर की संस्था के जिम्मेदार क्या कर रहे थे और उन्होंने इतना निर्माण होने कैसे दिया। यह निर्माण कोई रातों-रात तो हुआ नहीं होगा। इसमें कई दिन लगे होंगे। खेती की जमीन पर निर्माण के लिए अच्छा खासा आधार देना पड़ता है। ऐसे में काफी हद तक निर्माण होने देना और फिर उसे तोड़ना, संभव है देखने वाले और कार्रवाई करने वाले इसे बनाने वाले का व्यक्तिगत नुकसान की स्थिति में देख रहे हों लेकिन वास्तविकता यह है कि यह अंततः देश का ही नुकसान है। ऐसे में निर्माण की शुरूआतों में ही कार्रवाईयों का निर्धारण करना सुनिश्चित किया जाना शहर की संस्था के अफसरों को तय करना ही चाहिए उसके साथ ही महाआयोजन से संबंधित संस्था के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं अफसरों को भी यह करना ही चाहिए। महाआयोजन क्षेत्र की जमीनों पर पक्के निर्माण को लेकर प्रति माह धरातल से रिपोर्ट भी मंगवाना चाहिए।

## नैनो न्यूज

- **समालखा में** 79वें निरंकारी संत समागम की सेवाओं का शुभारंभ, 'जागृति' विषय पर आयोजित होगा समागम, राजपिता रमित ने कहा- सेवा में 'मैं' नहीं, 'हम' का भाव जरूरी
- **औदीच्य समाज** वरिष्ठजन समिति ने किया विशिष्ट जनों का सारस्वत सम्मान, समारोह में साहित्य, रंगमंच और वैदिक क्षेत्र की प्रतिभाओं को शाल-माला और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मानित
- **मध्य प्रदेश पुलिस** पेंशनर संघ का चतुर्थ स्थापना दिवस 4 अक्टूबर को, मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर संघ द्वारा 4 अक्टूबर को अपना चतुर्थ स्थापना दिवस एवं प्रांतीय सम्मेलन धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर संगठन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।
- **कर्मचारी कल्याण** कोष द्वारा 1.26 लाख पंजीकृत शिक्षकों ने 25 दिवंगत परिवार को 6,87,30,000 की मदद
- **देशभर के शिक्षाविदों** ने सरस्वती विद्या मंदिर में जानी पंचपदी और पंचकोषात्मक शिक्षा पद्धति, विद्या भारती के इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत ऋषिनगर स्थित विद्यालय में विभिन्न राज्यों के विशेषज्ञों ने किया शैक्षिक अवलोकन
- **उज्जैन के विकास** के लिए श्री अभिराम आश्रम ने स्वेच्छा से दी 4000 वर्गफीट जमीन, जयसिंहपुरा अंडरपास से चारधाम पार्किंग तक बन रहा 60 फीट चौड़ा मार्ग, आश्रम ने खुद हटाया निर्माण

## ट्रेंडिंग




# धूमधाम से निकली काल भैरव की सवारी, दर्शन को उमड़ा जनसैलाब





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में मंगलवार को भगवान काल भैरव की सवारी श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। सवारी के मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान काल भैरव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। बाबा की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मार्ग के दोनों ओर मौजूद रहे।

सवारी के दौरान पूरा मार्ग धार्मिक जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालु हाथों में पुष्प और पूजा सामग्री लेकर बाबा के दर्शन की प्रतीक्षा करते नजर आए। जैसे ही सवारी निकली, श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ बाबा काल भैरव का अभिवादन किया। कई स्थानों पर सवारी के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गईं।

परंपरा के अनुसार बाबा काल भैरव की सवारी का धार्मिक महत्व है। सवारी में शामिल श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच सवारी आगे बढ़ी। मार्ग में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। सवारी को लेकर सुबह से ही शहर के काल भैरव मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों में चहल-पहल बनी रही। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भी बाबा के दर्शन किए। शाम तक धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने बाबा काल भैरव से सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की।

श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति एवं अवंतिका विश्वविद्यालय ने शुरू किया अभियान

# विवादों से मुक्ति के लिए सुरक्षा कर्मियों को व्यवहार एवं भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण

## प्रतिदिन 100 कर्मियों को 8 घंटे का प्रशिक्षण विश्वविद्यालय परिसर में शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



श्री महाकालेश्वर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित एवं सकारात्मक दर्शन अनुभव उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंदिर प्रबंध समिति ने सुरक्षाकर्मियों के लिए विशेष व्यावहारिक प्रशिक्षण की शुरूआत की है। संभव है कि इस प्रशिक्षण से आने वाले समय में श्रद्धालुओं और सुरक्षा गार्डों के बीच विवादों की परिस्थिति देखने को न मिले। मंदिर प्रबंध समिति ने चिंता लेते हुए सुरक्षा गार्डों को विश्वविद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण की शुरूआत कर दी है। मंगलवार को प्रथम बेच ने इसके तहत प्रशिक्षण लिया है।

मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं प्रशासक प्रथम कौशिक के निर्देशन में इस प्रशिक्षण की शुरूआत की गई है। ग्राम लेकोडा स्थित अवंतिका यूनिवर्सिटी, उज्जैन में यह प्रशिक्षण आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के उपकुलपति नितिन राणा, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन डॉ. प्रोफेसर अजीत उपाध्याय के मार्गदर्शन में सुरक्षाकर्मियों को सॉफ्ट स्किल, श्रद्धालुओं से मधुर एवं सकारात्मक व्यवहार, भीड़ प्रबंधन, कतार प्रबंधन तथा दर्शन व्यवस्था के दौरान प्रभावी संवाद का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में सुरक्षाकर्मियों को इस बात के लिए भी व्यावहारिक रूप से तैयार किया जाएगा कि वे श्रद्धालुओं के साथ संयमित, सहयोगात्मक एवं संवेदनशील व्यवहार करते हुए उन्हें दर्शन व्यवस्था से संबंधित आवश्यक जानकारी सहजता से उपलब्ध कराएं। प्रशिक्षण प्रतिदिन 100 सुरक्षाकर्मियों को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक दिया जाएगा। अगले 8 दिवसों में कुल 800 सुरक्षाकर्मियों को इसमें प्रशिक्षित किया जाएगा।

# निगम आयुक्त का औचक निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने कार्यालयीन समय के दौरान विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई अधिकारी और कर्मचारी अपनी सीटों से गैरहाजिर मिले। आयुक्त ने बिना पूर्व अनुमति या उचित कारण के अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों का वेतन काटने और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने समग्र सेल और जन्म-मृत्यु पंजीकरण विभाग सहित कई शाखाओं में पहुंचकर कर्मचारियों की हाजिरी और कामकाज की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारी सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक अपने तय कार्यस्थल पर मौजूद रहें। निगम कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति जांचते आयुक्त।

# प्रदेश के 36 जिलों में कम बारिश, आधे मप्र में सामान्य से कम बारिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मानसून सीजन खत्म होने में सिर्फ 9 दिन बाकी हैं, लेकिन मप्र में बारिश अभी सामान्य स्तर तक नहीं पहुंची है। 21 सितंबर तक प्रदेश में 865.8 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जबकि सामान्य आंकड़ा 922.6 मिमी है। यानी प्रदेश में बारिश 6% कम है। 55 में से 36 जिलों में अब तक सामान्य बारिश पूरी नहीं हुई। इनमें 11 जिले ऐसे हैं, जहां कमी 16 से 49% तक है। सबसे ज्यादा कमी अलीराजपुर में 49%, नर्मदापुरम में 34%, रतलाम में 33%, झाबुआ में 32% और हरदा में 31% है। कम बारिश वाले जिलों में पश्चिमी मप्र की हिस्सेदारी अधिक है। इंदौर 24% और छिंदवाड़ा 23% पीछे हैं। मौसम विभाग ने मानसून की इस बेरुखी को अलनीनो असर बताया। इसके उलट, भोपाल में 928.2 मिमी बारिश होनी थी लेकिन 1063.3 मिमी बारिश हुई है। सुखद यह है कि 12% अधिक बारिश रिकॉर्ड हुई।

# जल्दबाजी में सड़क के गड्ढों की खानापूर्ति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





नगर निगम की कार्यप्रणाली मानो जब लग जाए आग, तब कुआं खोदने वाली कहावत को चरितार्थ करती नजर आती है। बैरवा समाज के फूल डोल चल समारोह के चंद घंटे पहले ही समारोह मार्ग पर सड़क के गड्ढों का पेंचवर्क शुरू कर दिया गया। लंबे समय से बदहाल सड़क की सुध लेने के बजाय ऐन मौके पर की गई यह कार्रवाई खानापूर्ति से अधिक कुछ नजर नहीं आती।

सवाल यह है कि जब चल समारोह पहले से तय था तो मार्ग की मरम्मत की तैयारी समय रहते क्यों नहीं की गई? अंतिम समय में किए गए पेंचवर्क का उद्देश्य भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसा लगता है कि प्रशासन की प्राथमिकता बस समारोह निकल जाने तक गड्ढे भरकर दिखा देना है। समारोह के बाद यही पैबंद कितने दिन टिकेंगे और सड़क फिर उसी हालत में पहुंच जाएगी, इसकी चिंता शायद किसी को नहीं है।

शहर में सड़कों की मरम्मत को लेकर ऐसी तात्कालिक कवायद नई नहीं है। वीआईपी या धार्मिक आयोजनों के पहले अचानक सड़कें सुधरने लगती हैं, जबकि आम दिनों में नागरिक बदहाल सड़कों से गुजरने को मजबूर रहते हैं। यदि मरम्मत समय रहते और गुणवत्तापूर्ण तरीके से की जाती तो अंतिम घंटों में खानापूर्ति की नौबत ही नहीं आती।

फिर बोमा की तैयारी शुरू, अधिकतम नीलगाय पकड़ी जाएंगी

# शाजापुर से 2 हजार काला हिरण पकड़ने का लक्ष्य

## एक्सपर्टस के साथ उज्जैन में भी चलेगा अभियान, हेलीकाप्टर का उपयोग होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दक्षिण अफ्रीका की बोमा पद्धति से शाजापुर जिले में पिछले वर्ष में 846 कृष्णमृग एवं 67 नीलगाय को पकड़ कर उनका सफल स्थानांतरण किया गया था। इसकी अपेक्षा उज्जैन में इस वर्ष इस पद्धति का उपयोग मेन्यूअल किया गया और असफलता हाथ लगी थी मात्र 4 नीलगाय पकड़ी जा सकी थी। वन विभाग एक बार फिर से खेतों के लिए नुकसानदेह साबित हो रहे इन वन्यजीवों को पकडने के लिए बोमा पद्धति का उपयोग करने जा रहा है। इसमें शाजापुर से 2 हजार कृष्णमृग और अधिकतम नीलगाय पकड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

उज्जैन संभाग मुख्य वन संरक्षक डॉ. किरण बिसेन बताती हैं कि 9 से 31 अक्टूबर तक शाजापुर जिले में इस अभियान को चलाया जाएगा। इसमें बोमा पद्धति के एक्सपर्ट थी साथ रहेगे। शाजापुर सहित शुजालपुर एवं कालापीपल क्षेत्र में भी इस पर काम करते हुए 2 हजार कृष्णमृग एवं अधिकतम नीलगाय पकड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही उज्जैन में भी बोमा पद्धति का उपयोग करते हुए नीलगाय को पकड़े जाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि उज्जैन में पिछली बार मेन्यूअल प्रयास किए गए थे इसकी वजह से पर्याप्त मात्रा में नीलगाय नहीं पकड़ी जा सकी। इस बार अभियान में एक्सपर्ट साथ रहेंगे एवं हेलीकाप्टर एवं पायलट भी रहेंगे।

### देश में पहली बार शाजापुर में पकड़े थे 846 कृष्णमृग

प्रदेश ही नहीं देश में शाजापुर में बोम्मा पद्धति से काले हिरण / नीलगाय पकड़ने का अभियान 15 अक्टूबर 2025 से चलाया गया था। दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों की उपस्थिति में इसमें हेलीकाप्टर का उपयोग करते हुए कालापीपल क्षेत्र से शुरुआत की गई थी। इसमें पहली बड़ी सफलता दीपावली की सुबह, 20 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को मिली, जब कालापीपल के इमलीखेड़ा गांव में हेलीकॉप्टर से हांका लगाकर 45 काले हिरण पकड़े गए और उसी दिन 34 अन्य काला हिरण पकड़े गए। साउथ अफ्रीका की 15 सदस्यीय 'कंजर्वेशन सॉल्यूशंस' टीम ने हेलीकॉप्टर की मदद से वी-आकार के बोमा (फनल जाल) में हिरणों को घेरा। 846 कृष्णमृग एवं 67 नीलगाय को पकड़ कर उनका सफल स्थानांतरण गांधी सागर अभयारण्य, मंदसौर में किया गया, जो देश में चीतों का दूसरा घर है।

### उज्जैन में असफलता हाथ लगी थी

उज्जैन जिले में इसके उज्जैन वनमंडल अंतर्गत बृजराजखेड़ी, नरवर, चंदेसरा, हरसोदन क्षेत्र में नीलगाय को पकड़ने के लिए 1 से 14 जून 26 तक प्रयास किए गए थे। लक्ष्य 100 नीलगाय पकड़कर गांधी सागर अभयारण्य भेजना रखा गया था। इसके लिए 1.5 हेक्टेयर में कीप के आकार का विशाल बाड़ा (बोमा) बनाया गया। अभियान फेल रहा । 12 जून को मुख्य हांका हुआ। विभाग एक भी नीलगाय बोमा से नहीं पकड़ पाया। जिन 4 नीलगायों को गांधी सागर भेजना बताया गया उन्हें ग्रामीणों ने खुले खेत में दौड़ा-दौड़ाकर पकड़ा था।

भगवान गणपति की भक्ति में डूबी महाकाल नगरी

# गणपति बप्पा के साथ सेल्फी और फोटो लेने की मची होड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल की नगरी उज्जैन इन दिनों गणपति की भक्ति के रंग में रंगी नजर आ रही है। शहरभर में गणेश उत्सव की धूम है और जगह-जगह आकर्षक पंडालों व झांकियों में भगवान गणेश की मनमोहक प्रतिमाएं विराजित की गई हैं। शाम होते ही गणेश प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। लोग गणपति बप्पा के साथ सेल्फी और फोटो लेने के लिए भी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वहीं, धार्मिक आयोजनों के साथ प्रसाद वितरण भी किया जा रहा है।



**नगरकोट के राजा-** फाजलपुरा में नगर कोट पर कनीश डागर मित्र मंडली द्वारा विशाल व आकर्षक गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है कनीश डागर ने बताया कि वह पिछले 5 वर्ष से क्षेत्र में गणेश उत्सव मनाते आ रहे हैं इस बार भी बुरहानपुर से गणेश जी की प्रतिमा मंगवाकर विराजित की गई है। सुबह शाम आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया जा रहा है।



**फाजलपुरा में पशुपतिनाथ गणेश उत्सव समिति के भी विराजे गणेश जी-** फाजलपुरा में नगरकोट माताजी रोड पर भी पशुपतिनाथ गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश जी की सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि पिछले 2 वर्ष से वह गणेश जी की स्थापना करते आ रहे हैं आज बुधवार शाम महाआरती का आयोजन किया जाएगा।



**मोहन नगर में विराजित 41 फीट की गणेश प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र-** आगर रोड स्थित मोहन नगर में उज्जैन चा राजा मित्र मंडल द्वारा 41 फीट ऊंची सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित की गई है। यहां विराजित गणेश जी के साथ ऊपरी हिस्से में शेषनाग व नरसिंह भगवान भी विराजमान है शहर की यह पहली ऐसी प्रतिमा है जो सबसे ऊंची 41 फीट की बताई जा रही है। जो कि लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और बड़ी संख्या में लोग शाम को गणेश जी की प्रतिमा के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 25 वर्षों से क्षेत्र में गणेश उत्सव मनाते आ रहे हैं तथा यहां विराजित गणेश जी उज्जैन चा राजा के नाम से जाने जाते हैं।

**संतराम सिंधी कॉलोनी में गुफा में विराजित गणेश प्रतिमा बनी लोगों के आकर्षण का केंद्र-** संतराम सिंधी कॉलोनी में गली नंबर 1 में नवयुवक मित्र मंडल द्वारा गणेश जी की सुंदर व आकर्षक प्रतिमा



विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है यहा विराजित गणेश जी श्री सम्राट के नाम से विराजमान है गणेश जी के ऊपरी हिस्से में शिवलिंग बनाया गया है साथ ही भगवान गणेश जी के साथ उनकी बहन अशोक सुंदरी भी विराजमान है गणेश पंडाल में 80 फीट की एक गुफा भी बनाई गई है जिसमें अंदर भगवान गणेश जी की प्रतिमा विराजित की है। साथ ही गणेश जी की प्रतिमा के सामने आदियोगी की प्रतिमा भी विराजित की गई है और गुफा में रंग बिरंगी लाइटिंग के साथ अन्य डेकोरेशन भी किया है जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इस प्रतिमा को देवास के मूर्तिकार पिंटू भौमिक ने बनाया है और इस गणेश प्रतिमा को बनाने में मिट्टी का उपयोग किया गया है। तथा 5 लाख से अधिक का खर्च आया है तथा पिछले 25 वर्षों से मंडल द्वारा गणेश जी की स्थापना की जा रही है। इस आयोजन में नवयुवक मित्र मंडल संतराम सिंधी कॉलोनी गली नंबर 1 के भरत धरमदासानी, प्रिंस केसवानी, शंकर, दीपक, मयंक, सूरज, विशाल, अनमोल, तरुण, सुनील, यश, मोनू, इशांत, चिराग, लक्ष्मण, का अहम योगदान रहा है।



**श्री गौरी नंदन ग्रुप के शिव स्वरूप में विराजे गणेश जी-** संतराम सिंधी कॉलोनी में श्री गौरी नंदन ग्रुप द्वारा भी शिव जी के स्वरूप में गणेश जी की सुंदर व आकर्षक गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।

**राजीवरत्न कॉलोनी में विराजे प्राकृतिक गणेश-** नीलगंगा क्षेत्र के समीप राजीवरत्न कॉलोनी में इस वर्ष प्राकृतिक गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई है। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्थापित की गई प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। आयोजकों का कहना है कि प्राकृतिक सामग्री से निर्मित गणेश प्रतिमा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और परंपरा के बीच संतुलन का संदेश देने का प्रयास किया गया है।



# 205 दिव्यांगों को हरिद्वार में रामदेव ने रुद्राक्ष भेंट कर दिया आशीर्वाद

**उज्जैन।** अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी और सचिव विट्ठल नागर के नेतृत्व में सशक्त समर्थ विकलांग सेवा शिक्षा एवं प्रशिक्षण समिति के अंतर्गत समर्थ सेवा संस्था द्वारा आयोजित आठ दिवसीय नि:शुल्क तीर्थ यात्रा के तहत उज्जैन के 205 दिव्यांग एवं सहयोगी श्रद्धालु हरिद्वार में बाबा रामदेव से मिलने पहुंचे। बाबा रामदेव ने समर्थ सेवा संस्थान के दिव्यांगों से मुलाकात कर सभी को रुद्राक्ष की माला भेंट की और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। संस्था उपाध्यक्ष दीपक राजवानी ने बताया कि श्रद्धालुओं ने बद्रीविशाल धाम दर्शन के बाद हरिद्वार व ऋषिकेश का भ्रमण किया। 23 सितंबर की सुबह हरिद्वार रेलवे स्टेशन से उज्जैनी एक्सप्रेस से वापसी होगी और 24 सितंबर को यात्री उज्जैन पहुंचेंगे। यात्रियों के लिए हरिद्वार के नागली बेला स्थित आस्था धाम आश्रम में आवास व्यवस्था की गई है। यह आयोजन संस्था अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी, विक्रम चंद्रवंशी, महिला प्रमुख सरोज अग्रवाल, रीना सेंगर, सचिव विट्ठल नागर, सुनिल माहेश्वरी तथा यात्रा संयोजक आनंद पुरोहित और ओम पाटीदार के नेतृत्व में हो रहा है। यात्रा को सफल बनाने में समर्थ सेवा परिवार के चंद्रशेखर मुंदड़ा, रमेश चतुर्वेदी, राजेन्द्र शाह, दीपक राजवानी, रामेश्वर नागर, कैलाश मुंदड़ा, श्याम नागर, विजय गोयल, रविन्द्र मुले, नवल माहेश्वरी, प्रमोद जैथलिया, संतोष शर्मा, विशाल नीमा, अमित नागर, नितिन शाह, सुनिल नीमा, तरुण मित्तल, सुदेश नीमा, बालकृष्ण नीमा, भगवान शर्मा, जयेश श्रॉफ, नरेन्द्र माहेश्वरी, मन, विनय नीमा, योगेश चौरसिया और अरुण नीमा ने सहयोग किया।

# गोरी दीदी ने की स्वर्णगिरि पर्वत की परिक्रमा

**उज्जैन।** देवझूलनी एकादशी के पावन पर्व पर किन्नर अखाड़े की प्रतिनिधि संत गोरी दीदी ने भगवान बाल कृष्ण को अपनी गोद में लेकर संपूर्ण स्वर्णगिरि पर्वत की पांच कोस की परिक्रमा की और उन्हें झूले में झुलाया। ग्राम चरणमया स्थित स्वर्णगिरि पर्वत मुखारविंद से शुरू हुई इस परिक्रमा में मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के हजारों भक्त शामिल हुए ।जानकारी देते हुए डॉ. दुर्गा शंकर पांचाल बांदका ने बताया कि प्रात: 9 बजे गोरी दीदी के आगमन पर समिति और भक्तों ने पुष्प वर्षा कर अगवानी की। स्वर्णगिरि पीठाधीश्वर महेंद्र गिरी ने तिलक लगाकर एवं पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पुजारी प्रेम नारायण शर्मा द्वारा स्वर्णगिरि मुखारविंद पर अभिषेक एवं पूजन संपन्न कराया गया। भव्य ध्वजारोहण और महाआरती के बाद हाथ में ध्वज लेकर शंख ध्वनि के साथ परिक्रमा आरंभ हुई। परिक्रमा पूर्व मुखी वीर हनुमान मंदिर आक्याधांगा, राम बालाजी धाम महू और कृष्ण सुदामा धाम नारायणा होते हुए पुन: स्वर्णगिरि पर्वत मुखारविंद पहुंची। मार्ग में ग्रामीणों ने भक्तों का भव्य स्वागत कर जलपान तथा फलाहारी खिचड़ी की व्यवस्था की। आयोजन में भंडारे एवं ध्वजारोहण के लाभार्थी आजमपुरा के संजय पटेल, पवन पटेल, विजयराज पटेल और भगवान सिंह पटेल रहे। व्यवस्थाओं में महिदपुर पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा।

# सरस्वती विद्या मंदिर बड़नगर की किशोर वर्ग बहनों ने मारी बाजी

**बड़नगर।** विद्या भारती द्वारा आयोजित 37 वीं क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. बड़नगर की किशोर वर्ग बहनों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ विद्यालय की टीम ने राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। यह क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता 17 से 22 सितम्बर तक चांपा, छत्तीसगढ़ में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बड़नगर की बहनों ने प्रारंभ से ही उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और मजबूत टीम भावना का परिचय दिया। टीम ने महाकौशल प्रांत एवं मध्य भारत प्रांत की टीमों को एकतरफा मुकाबलों में पराजित करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में बड़नगर की टीम का सामना मेजबान छत्तीसगढ़ प्रांत की टीम से हुआ। रोमांचक मुकाबले में बड़नगर की बहनों ने अपना दबदबा बनाए रखते हुए छत्तीसगढ़ को 25 अंकों के बड़े अंतर से पराजित किया और क्षेत्रीय प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विजेता टीम में निमिषा श्रीवास्तव, तक्षशिला चौहान, पूनम जाट, आशी सिसोदिया, किरण भूरिया, आर्या शोभावत, काम्या राठौर, प्रियांशी कुमावत एवं खुशी बैरागी शामिल रहीं। सभी खिलाड़ियों ने सामूहिक खेल और उत्कृष्ट तालमेल का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं बड़नगर नगर को गौरवान्वित किया। स्वर्णिम सफलता के बाद अब विद्यालय की किशोर वर्ग बहनों की टीम राष्ट्रीय स्तर पर विद्या भारती क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगी। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता खिलाडियों एवं टीम के प्रशिक्षक आकाश भावसार एवं अजीत सिंह सोलंकी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय एवं समिति परिवार द्वारा ढोल ङ्क धमाके एवं पुष्प वर्षा के साथ विद्यालय में भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया 7 इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष अशोक गोधा, उपाध्यक्ष लक्ष्मण चैलानी, सचिव आशीष शुक्ला,कोषाध्यक्ष अरविन्द महेश्वरी,प्राचार्य देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, उपप्राचार्य हिम्मत सिंह सिसोदिया एवं विजेता खिलाडियों के मात– पिता भी उपस्थित थे।

# सत्यवीर तेजाजी महाराज मंदिर में तेजा दशमी पर लगा मेला

**उज्जैन।** कहारवाड़ी स्थित सत्यवीर तेजाजी महाराज के मंदिर में तेजा दशमी के अवसर पर विशाल मेला लगा। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और छतरियां चढ़ाईं। मंदिर में नवमी की रात को विशेष पूजा-पाठ संपन्न हुई। दशमी की सुबह से मेले की शुरुआत हुई जहां दिनभर प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर में मान्यता के अनुसार श्रद्धालुओं को नीम की झाड़ी से झाड़ा लगाया जाता है, जिससे रोग और अलाय-बलाय दूर होने का विश्वास है। मंदिर की व्यवस्था और सेवा कार्य में पुजारी पुरुषोत्तम कहार, मोहन कहार, गुरु कहार, रामू कहार, राहुल कहार, आदित्य कहार और चेतन कहार ने अपनी सेवाएं दीं।

# गांजा फसल पर पुलिस का प्रहार, खेत से जब्त किए 176 पौध

**खरगोन।** परंपरागत कपास फसल के बीच चोरी छिपे हो रही अवैध गांजा खेती का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। बेडिडा थाना पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध गांजे की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक खेत से कपास फसल के बीच लगाए गए 176 गांजे के हरे पौधे जब्त किए है। इन पौधें का वजन 35 किलो 900 ग्राम है। इसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 88 हजार रुपये आंकी है। इस मामले में अवैध खेती करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पाल्या फालिया ग्राम बाल्या निवासी सकाराम के खेत में अवैध गांजा खेती की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी गई। यहां खेत में रखवाली कर रहे सकाराम पिता दुवालसिंह कनासे को घेराबंदी कर पकड़ा गया। सर्चिंग में कपास की फसल के बीच हरे गांजे के पौधे नजर आए। पुलिस टीम ने मशक्कत के बाद 176 पौधे तलाशकर इन्हें उखाड़ने के बाद जब्त किए है।

## पश्चिम रेलवे

| क्रम संख्या | खसरा संख्या | भूमि का प्रकार सिंचित / असिंचित / आवासीय व्यवसायिक | आवासीय / व्यवसायिक भूमि का क्षेत्रफल वर्गमीटर में | अर्जनीय भूमि मालिक का क्षेत्रफल हेक्टेयर में | भूमि का नाम हितबद्ध / व्यक्तियों के नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| तहसील- खाचरौद | | | | | |
| ग्राम- पानवासा, प.ह.नं.- 23 | | | | | |
| 2 | 511 | सिंचित | - | 0.820 | नरसिंग पिता मयाराम गोरधनलाल पिता मयाराम दौलतराम नाबालिग पिता केसूराम संरक्षक भाई भागीरथ पिता मयाराम गोरधनलाल पिता केसूराम भेरूलाल पिता मयाराम रणछोड़ पिता मयाराम जाति धाकड़ पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 3 | 510/2 | सिंचित | - | 0.250 | दयाराम पिता बद्रीलाल जाति धाकड़ पता खाचरौद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 4 | 510/3 | सिंचित | - | 0.250 | रामगोपाल उर्फ गोपाल पिता बद्रीलाल जाति धाकड़ पता खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 5 | 510/4 | सिंचित | - | 0.280 | जगदीश पिता मोहनलाल जाति धाकड़ पता खाचरौद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 6 | 510/5 | सिंचित | - | 0.280 | कैलाश पिता मोहनलाल जाति धाकड़ पता खाचरौद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 510/6 | सिंचित | - | 0.050 | |
| 7 | 509 | सिंचित | - | 0.070 | राधेश्याम पिता लक्ष्मीनारायण कैलाश पिता राधेश्याम जाति धाकड़ पता खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 505 | सिंचित | - | 0.020 | |
| 8 | 507/5 | सिंचित | - | 0.100 | गंगाबाई पति शंकरलाल पिता रामप्रताप जाति धाकड पता खाचरौद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| योग | 10 | - | - | 3.100 | |
| तहसील- खाचरौद | | | | | |
| ग्राम— रुनखेड़ा, प.ह.नं.-37 | | | | | |
| 1 | 452/5 | असिंचित (पडत) | - | 0.050 | विजेन्द्रसिंह पिता अवतारसिंह जाति राजपुत पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 2 | 452/6 | असिंचित (पडत) | - | 0.040 | शिवपालसिंह पिता घनश्याम जाति राजपुत पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 454/4 | सिंचित (कृषि) | - | 0.060 | |
| 3 | 452/7 | असिंचित (पडत) | - | 0.040 | कैलाशकुंवर बेवा घनश्याम मायाकुंवर पिता घनश्याम जाति राजपुत पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 4 | 452/8 | असिंचित (पडत) | - | 0.100 | दिलीपसिंह पिता घनश्याम जाति राजपुत पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 453/2 | सिंचित (कृषि) | - | 0.030 | |
| | 454/5 | सिंचित (कृषि) | - | 0.050 | |
| 5 | 453/1 | सिंचित (कृषि) | - | 0.320 | मेहरबानसिंह राजपूत पिता शम्भूसिंह पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 454/3 | सिंचित (कृषि) | - | 0.110 | |
| 6 | 454/2 | सिंचित (कृषि) | - | 0.050 | मंगलसिंह पिता रामपालसिंह जाति राजपुत पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 519/3 | सिंचित (कृषि) | - | 0.040 | |
| 7 | 454/1 | सिंचित (कृषि) | - | 0.070 | सुरेन्द्रसिंह पिता रामपालसिंह जाति राजपुत पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 455/5 | सिंचित (कृषि) | - | 0.040 | |
| | 519/1 | सिंचित (कृषि) | - | 0.030 | |
| 8 | 456 | सिंचित (कृषि) | - | 0.020 | सीताबाई पिता चम्पालाल पुष्पाबाई पिता चम्पालाल भागवन्ताबाई बेवा चम्पालाल जाति भांभी पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 9 | 519/4 | सिंचित (कृषि) | - | 0.050 | किशोरसिंह पिता तेजसिंह जाति राजपुत पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 10 | 519/2 | सिंचित (कृषि) | - | 0.150 | प्रेमकुवंर बेवा गट्टुसिंह संग्रामसिंह पिता गट्टुसिंह जीवनसिंह पिता गट्टुसिंह जाति राजपुत पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 11 | 518 | सिंचित (कृषि) | - | 0.140 | भंवरसिंह पिता नाहरसिंह जाति राजपुत पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 12 | 517/1/1 | सिंचित (कृषि) | - | 0.040 | प्रेमसिंह पिता गुलाब सिंह गोहिल जाति राजपूत पता रूनखेड़ा खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 13 | 517/1/2 | सिंचित (कृषि) | - | 0.070 | शिवपालसिंह पिता कमल सिंह गोहिल जाति राजपूत पता रूनखेड़ा खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 14 | 527 | सिंचित (कृषि) | - | 0.110 | भुपेन्द्रसिंह पिता रणजीतसिंह जाति राजपूत पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 15 | 530/2 | पडत | - | 0.140 | सुभद्राकुंवर पति भुपेन्द्रसिंह जाति राजपूत पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 16 | 530/1 | सिंचित (कृषि) | - | 0.030 | शिवपालसिंह पिता मागुसिंह जाति राजपूत पता रूनखेड़ा खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 531 | सिंचित (कृषि) | - | 0.110 | |
| 17 | 532/3 | सिंचित (कृषि) | - | 0.030 | लोकेन्द्रसिंह पिता रूपसिंह जाति राजपूत पता खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 540/3 | सिंचित (कृषि) | - | 0.040 | |
| 18 | 532/4 | सिंचित (कृषि) | - | 0.030 | मेहरबानसिंह पिता अनोपसिंह जाति राजपूत पता खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 19 | 532/2 | सिंचित (कृषि) | - | 0.030 | दातारसिंह पिता अनोपसिंह जाति राजपूत पता रूनखेड़ा खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 540/2 | सिंचित (कृषि) | - | 0.060 | |
| 20 | 532/1 | सिंचित (कृषि) | - | 0.030 | बनेसिंह पिता अनोपसिंह जाति राजपूत पता रूनखेड़ा खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 540/1 | सिंचित (कृषि) | - | 0.060 | |
| 21 | 539/1/1 | सिंचित (कृषि) | - | 0.130 | भूपेन्द्रसिह पिता दशरथसिह जाति राजपूत पता रूनखेड़ा खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 22 | 539/1/2 | सिंचित (कृषि) | - | 0.020 | विरेन्द्रसिह पिता दशरथसिह जाति राजपूत पता खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 23 | 539/2/1 | सिंचित (कृषि) | - | 0.040 | श्यामाकुंवर पति जितेंद्रसिंह जाति राजपूत पता रूनखेड़ा खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 24 | 539/2/2 | सिंचित (कृषि) | - | 0.040 | रुगनाथसिंह पिता ज्वानसिंह विक्रमसिंह पिता ज्वानसिंह सुमेरसिंह पिता ज्वानसिंह श्यामाकुंवर पति जीतेन्द्र सिंह श्यामाकुँवर पिता ज्वान सिंह जाति राजपूत पता खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 25 | 541/2 | सिंचित (कृषि) | - | 0.030 | दरबारसिंह पिता किशोरसिंह जाति राजपूत पता खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 26 | 543/1 | सिंचित (कृषि) | - | 0.140 | रामसिह पिता इन्दरसिंह जाति राजपूत पता रूनखेड़ा खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 27 | 543/2 | सिंचित (कृषि) | - | 0.030 | संगीताबाई पति प्रकाश जाति कुलम्बी पता कनवास उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| योग | 38 | - | - | 2.600 | |
| तहसील- खाचरौद | | | | | |
| ग्राम- ऊँचाहेड़ा, प.ह.नं. - 38 | | | | | |
| 1 | 35/2 | सिंचित | - | 0.100 | रईस खां पिता मुन्नाखां जाति मुसलमान पता निग्राम खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 2 | 35/1 | सिंचित | - | 0.130 | सत्तारखॉ पिता एहमदखॉ जाति मुसलमान पता उँचाहेड़ा खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 3 | 34/2 | सिंचित | - | 0.110 | शहजादबी पति वहीदखां जाति मुसलमान पता निग्राम खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 4 | 34/1/2 | सिंचित | - | 0.110 | राहुल रेखाबाई रीनाबाई पिता रामप्रसाद श्यामुबाई बेवा रामप्रसाद जाति बलाई पता उँचाहेड़ा खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 5 | 34/1/1 | सिंचित | - | 0.140 | राजेश पुत्र गणपत कलाबाई बेवा गणपत मीराबाई पुत्री गणपत जाति बलाई पता खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 6 | 33 | सिंचित | - | 0.160 | सुखदेव, भागवन्तीबाई, सुरजबाई, सीताबाई पिता शंकरलाल, धुरीबाई पति स्वशंकरलाल, प्रहलाद बा., सुरेश, कृष्णाबाई ना . पिता रमेश सरप . बा. माता पार्वतीबाई व पार्वतीबाई पति स्वरमेश जाति बलाई पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी |
| 7 | 32 | सिंचित | - | 0.180 | श्री हनुमानजी मन्दिर व्यवस्थापक श्यामलाल -: 0.180 ग्राम पिता भंवरलाल पालीवाल पता नि देवस्थान |
**सुश्री निर्मला पटेल**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवाहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)** (RCSA/0000021/2026)

**मोहनबाई आदि----- वादीगण**

**Vs**

**सर्वसाधारण ------प्रतिवादीगण**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 30/10/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्वसाधारण पता- खाचरौद जिला उज्जैन

यह कि प्रार्थी मोहनबाई भील आदि ने इस न्यायालय के समक्ष एक वादपत्र भैरूलाल पिता रामाजी गोयल भील की सिविल मृत्यु घोषित किए जाने की घोषणात्मक बाबत वाद प्रस्तुत किया है। आवेदन के अनुसार वादीगण के पति एवं पिता श्री भैरूलाल पिता रामाजी गोयल जाति भील निवासी रायदास कालोनी छोटी शीतलामाता खाचरौद जिला उज्जैन मध्यप्रदेश दिनांक 19.10.2007 से अचानक बिना बताए कहीं गुम हो गए है। वादीगण उनके रिश्तेदारों और पुलिस थाना खाचरौद गुमशुदगी क्रमांक 30/2007 दिनांक 13.11.2007 द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी पिछले 19 वर्षों से अधिक समय से उनका कोई पता नहीं चला है और न ही उनके जीवित होने की कोई जानकारी मिली हैं।

अतः इस प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त लापता व्यक्ति भैरूलाल पिता रामाजी गोयल भील के जीवित होने के संबंध में कोई जानकारी हो या इस मृत्यु घोषणा के आवेदन पर कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिकृत वकील के माध्यम से आगामी पेशी दिनांक 30.10.2026 को सुबह 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। नियत अवधि समाप्त होने के बाद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा और मामले का निराकरण कानून गुण दोष के आधार पर कर दिया जाएगा।

यह आज तारीख 18 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**सुश्री निर्मला पटेल**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड खाचरौद के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश खाचरौद, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं उपायुक्त संभाग ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा मातापुरा कैंट क्षेत्र में मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान एक मकान के आंगन से बोरी एवं केन में रखी कुल 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। इसमें 200 मिलीलीटर धारिता के 44 पन्नी पाउच तथा एक अन्य केन में 7 लीटर हाथ भट्टी मदिरा पाई गई। मदिरा के नमूने आवश्यक जांच के लिए एफएसएल ग्वालियर भेजे गए हैं। मामले में आरोपी काके पुत्र तूफान पारदी, उम्र 24 वर्ष, निवासी मातापुरा कैंट, गुना के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क) एवं 49(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में आबकारी आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, गोविंद सिंह मीणा, कमल बरोदिया तथा महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी एवं खुशबू रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही।

## मक्सी मंडी में पहुंची नई सोयाबीन, पंजीयन प्रक्रिया शुरू नहीं हुई

**मक्सी।** मक्सी मंडी में पहुंची नई सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के तहत पंजीयन प्रक्रिया नहीं हुई शुरू सोयाबीन की कटाई शुरू होते ही मक्सी कृषि उपज मंडी में नई सोयाबीन की आवक भी शुरू हो गई है गत दिवस मंडी भगवती ट्रेडिंग कंपनी मक्सी द्वारा प्रोप्राइटर महेश कुमार जागीदार व्यापारी के द्वारा किसान रघुनंदन जीतमल पाटीदार मक्सी द्वारा विक्रय किया सोयाबीन भाव 5101.25 पैसा श्री गणेश मुहूर्त किया रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बिकी सोयाबीन का इस वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य 5708 रुपए प्रति क्विंटल तक किया गया है जो पिछले वर्ष 2025- 26 के 5328 रुपए प्रति क्विंटल की तुलना में?380 रुपए अधिक है ऐसे में कई गांव में सोयाबीन की कटाई शुरू होने के बाद किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचने लगे हैं किसानों ने कहा कि फसल मंडी में पहुंचने लगी है लेकिन भावांतर योजना शुरू नहीं होने के कारण उन्हें अपनी सोयाबीन विक्रय करनी पड़ी भावांतर योजना की जानकारी लेने जब किसान मंडी में जानकारी लेने पहुंचे तो मंडी स्टाफ द्वारा सही जानकारी नहीं दी गई व मंडी स्टाफ नदारत मिला व समाचार प्रतिनिधि द्वारा व किसान द्वारा फोन पर जानकारी लेना चाहा तो फोन नहीं रिसीव किया गया मंडी स्टाफ को अधिक ध्यान देना चाहिए जिससे कि मंडी में उपज की आवक बड़े किसानो को उम्मीद है कि सरकार जल्द ही भावांतर भुगतान योजना के तत्व पंजीयन प्रक्रिया शुरू करेगी ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके नई फसल की आवक बढ़ने के साथ अब किसानो की निगाहें मंडी के भाव के साथ सरकार की भावांतर योजना के निर्णय पर टिकी है।

## नवीन 30 बिस्तरीय अस्पताल नगर में बनाने की मांग

**बडौद।** शासन द्वारा स्वीकृत नवीन 30 बिस्तरीय अस्पताल की स्वीकृति मिली है जिसको नगर में ही बनाए जाने की मांग को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन लववंशी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने विधायक मधु गहलोत से भेंट की ! इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से अस्पताल का निर्माण नगर में करवाई जाने की अपील की, ताकि बडौद सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओ के लिए दूर नहीं जाना पड़े । प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि नगर में अस्पताल बनने से क्षेत्रवासियों को समय पर उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा । प्रतिनिधि मंडल में विधायक से शासन स्तर पर आवश्यक पहल कर अस्पताल को नगर में स्थापित करवाने का आग्रह किया । इस अवसर पर नगर में स्वास्थ सुविधाओं के विस्तार को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की गई । इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन लववंशी, भाजपा नेता चंद्रेश शर्मा, एल्डरमैन मुकेश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि श्रीपाल तलेरा, एल्डरमैन लालचंद, युवा मोर्चा के राकेश शर्मा, एल्डरमैन पवन परमार, सुनील लववंशी, शौकत शीशगर, राहुल जैन आदि उपस्थित थे। इस संबंध में वक्फ अंजुमन इस्लामी कमेटी के सदर ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अस्पताल को नगर में ही बनाए जाने की मांग की है।

## जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

**धार ।** मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर 2026-27 के अनुसार जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय पीथमपुर, धार में 21 सितंबर 2026 को किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 4 महाविद्यालयों जिसमे शासकीय कन्या महाविद्यालय धार, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार, शासकीय महाविद्यालय पीथमपुर, आदर्श महाविद्यालय धामनोद की टीमों के कुल 15 खिलाडियों ने भाग लिया। क्रीड़ा अधिकारी अंतिमबाला कुमावत के नेतृत्व में शासकीय कन्या महाविद्यालय धार की टीम ने शानदार प्रदर्शन चौहान, स्नेहा जायसवाल, कृतिका ठाकुर एवं कृतिका वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर कृतिका ठाकुर एवं कृतिका वर्मा का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों छात्राएं 24 सितंबर को इंदौर में धार जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील फड़के, क्रीड़ा अधिकारी सुश्री अंतिमबाला कुमावत, खेल समिति एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



## उमंग दिवस पर छात्राओं ने सीखे संघर्षों से सफलता के सूत्र

**गुना।** शहर के प्रतिष्ठित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना में 22 सितंबर 2026 को उमंग दिवस का कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मृदुला सक्सैना के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमती सोनू जैन ने छात्राओं को जीवन में आने वाली चुनौतियों एवं संघर्षों का दृढ़ता से सामना करते हुए सफलता प्राप्त करने के प्रेरक सूत्र बताए। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए छात्राओं से कहा कि अपने दीपक स्वयं बनो और जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना मुस्कुराते हुए करते हुए निरंतर आगे बढ़ो। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं निरंतर प्रयास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी श्रीमती गुलबशा मैडम ने छात्राओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, बाल संरक्षण तथा विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित कानूनी सलाह एवं सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मृदुला सक्सैना ने छात्राओं को आवश्यक शपथ दिलाई तथा 'उमंग मैसेंजर' छात्राओं से संवाद करते हुए उनके दायित्वों एवं सक्रिय सहभागिता पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के लिए चित्रकला, प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एच.डी.एफसी.बैंक लिमिटेड तीन बत्ती चौराहा फ्रीगंज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि सर्वे क्रमांक 96/1/1/7 रकबा 0.0545 हैक्टेयर स्थित ग्राम चंदेसरा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल रकबा 0.0545 हैक्टेयर है। जिसके पूर्व में - भूमि सर्वे क्रमांक 106, पश्चिम में - सर्विस रोड़, उत्तर में- भूमि हरजीत सिंह एवं श्रीमति ममता की दक्षिण में- इसी भूमि का शेष भाग स्थित है। उक्त सम्पत्ति मनीष मीणा पिता श्री हरलाल मीणा इसके पूर्वस्वामी श्रीमति शेवंती गुप्ता पति स्व. घनश्याम दास जी गुप्ता द्वारा मुख्तयारआम अमित गुप्ता पिता स्व. घनश्यामदासजी गुप्ता से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी17आईजीआर18842026ए100352769 दिनांक 25/03/2026 के माध्यम से क्रय कि। एवं मनीष मीणा के द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एच.डी.एफसी.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एच.डी.एफसी.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एच.डी.एफसी.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 22/09/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

### in the court of vii civil judge class i,district court, ujjain

presiding officer:**श्री राघवेन्द्र पटेल**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरणक्रमांक (mjcsuc/0000030/2026)**
**नारायण कुमावत...........आवेदक**
**विरूद्ध**
**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन.........अनावेदक**

process id-/2026
**पेशी दिनांक 23/10/2026**

(1) सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण कुमावत पिता स्व. रमेशचंद्र कुमावत, आयु-47 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-98/11 जयसिंह पुरा पीपली बाजार उज्जैन जिला उज्जैन म प्र की ओर से उसके पिता रमेशचंद्र पिता नानूराम, आयु-75 वर्ष की मृत्यु 27/11/2025 एवं माता स्व. भागवंतीबाई पति स्व. रमेशचंद्र कुमावत का दिनांक 05/11/2020 को मृत्यु हो चुकी है। रमेशचंद्र कुमावत के वैध संतानों में आवेदक एवं अनावेदकगण क्रं.2 रेखाबाई पति सुखदेव पुत्री स्व. रमेशचंद्र कुमावत, आयु-53 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, निवासी-53 रामगढ कालोनी बडनगर जिला उज्जैन म प्र एवं क्रं. 3 दूर्गा कुमावत पति दिनेश कुमावत पुत्री रमेशचंद्र कुमावत, आयु-44 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, निवासी-417 बी मानसरोवर नगर इंदौर म प्र है, आवेदक के पिता हीरामिल में श्रमिक थे तथा उनको प्राप्त होने वाली सैलरी से उनकी भविष्य निधि के अंशदान की राशि अनावेदक क्रं. 1 कमर्चारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय 7 भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र देवास रोड उज्जैन जो कि केन्द्र शासन के अंतर्गत शासकीय विभाग में नियमित तौर पर जमा होती रही है। आवेदक के पिता द्वारा अपने भविष्य निधि खाते के संबंध में अपनी जीवित अवस्था के दौरान कोई नामिनी घोषित नहीं किया गया था तथा अनावेदकगण क्रं. 2 व 3 को भविष्य निधि कर्मचारी संगठन में जमा राशि को आवेदक के प्राप्त किये जाने में कोई आपत्ति नहीं है, आवेदक के पिता स्व. रमेशचंद्र कुमावत के कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के द्वारा देय जीवन बीमा के 37200/- तथा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में उसके पिता के नाम से राशि जमा है तथा आवेदक बीमा धन राशि एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में जमा राशि को भुगतान दिनांक के ब्याज सहित प्राप्त करने का वैधानिक अधिकारी है। आवेदक पता ने मृतक रमेशचंद्र कुमावत निवासी शहर उज्जैन की कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के द्वारा देय जीवन बीमा के 37200/- तथा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में उसके पिता के नाम से राशि जमा है तथा आवेदक बीमा धन राशि एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में जमा राशि को भुगतान दिनांक के ब्याज सहित राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये, इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज-तारीख 21 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**श्री राघवेन्द्र पटेल**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीशवरिष्ठ खंड एक**
**उज्जैन (म.प्र)**


## रिलायंस पेट्रोल पंप के पास ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त



**गुना।** रिलायंस पेट्रोल पंप के पास इन दिनों यातायात व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। यहां उमंग हार्डवेयर के सामने सड़क किनारे वाहनों के खड़े रहने और सामान से लदे वाहनों की आवाजाही के कारण यहां अक्सर जाम जैसी स्थिति बन रही है। सड़क पर खड़े वाहनों से बाहर निकले सरिए भी राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि व्यस्त मार्ग होने के बावजूद यहां वाहनों को व्यवस्थित खड़ा कराने की कोई प्रभावी व्यवस्था नजर नहीं आती। सड़क पर वाहनों के जमावड़े के कारण आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए स्थिति अधिक जोखिमपूर्ण बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित नहीं किया गया और सड़क पर इस तरह वाहनों को खड़ा करने पर रोक नहीं लगाई गई, तो किसी दिन पूर्व की तरह गंभीर दुर्घटना हो सकती है। इसलिए तत्काल संबंधित संचालक एवं जिम्मेदार विभाग को इस ओर तत्काल ध्यान देकर सड़क को अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग से मुक्त कराने की आवश्यकता है। जबकि खास बात तो ये है कि यह जानकारी यातायात प्रभारी अधिकारी को पता है इसके बावजूद भी लगातार अनदेखा किया जा रहा है।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड जो भूमि सर्वे क्रमांक 70/2/1/2 एवं पुराना भूमि सर्वे क्रमांक 46/3 का भाग होकर ग्राम ताजपुरा वार्ड न. 01 तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. मे स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफीट है। जिसके पूर्व में- आम रास्ता, पश्चिम में- आम रास्ता , उत्तर मे- भवन बाबु पिता मांगीलाल तथा दक्षिण में- भवन जमनालाल पिता रामलाल का स्थित हैं। तथा उक्त संपत्ति लीलाबाई पति स्व. श्री किशोर लाल इसके पूर्वस्वामी अनिल कुमार पिता बसंतीलाल सोगानी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 645 दिनांक 28/05/2007 के माध्यम से क्रय कि। एवं लीलाबाई का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी धर्मेन्द्र, राकेश, शीला, रेखा, गुंजा, पिंकी एवं विकास पुत्र/पुत्रीगण किशोरलाल हुए। तथा धर्मेन्द्र, राकेश आदि ने अपना-अपना भाग हकत्याग पत्र क्रमांक एमपी17 आईजीआर18812026ए101027355 दिनांक 21/08/2026 के माध्यम से विकास पिता किशोरलाल के हित में निष्पादित किया। एवं विकास ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

सूचित हो । दिनांक 22/09/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज,**
**उज्जैन मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मजहरउद्दीन वल्द मोहम्मद युनूस खां निवासी-28/1 बेगमबाग कॉलोनी उज्जैन म.प्र. ने विक्रेता-सईदा खान पति मरहूम सरफु खान उम्र 80 साल लगभग व्यवसाय-गृहणी, जाति-मुसलमान निवासी 30 अमरपुरा गली नं. 01 व हाल मुकाम 47 नीलगंगा रेल्वे कॉलोनी उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य का एक जी+1 दो मंजिल पाट-जूपियो एव टीनपोश की छत का पुराना निर्मित मकान जिसका मौजूदा म्यु.गृह क्रमांक-11 है एवं सदर मकान अमरपुरा गली क्रमांक-01 (दादा भाई नैरोजी मार्ग पथ व गली क्रमांक-01) उज्जैन में स्थित है। सदर मकान का क्षेत्रफल 93-82 वर्गमीटर या 1010-00 वर्गफीट है, सदर मकान के पूर्व मे मकान जमालउद्दीन जी का, पश्चिम में गली, उत्तर मे खुली भूमि बाद मकान मरहूम इब्राहिम मास्टर जी का, दक्षिण मे मकान मरहूम याकुब भाई हेला जी का, उपरोक्त चर्तुसीमा से घिरे विक्रीत मकान का सौदा विक्रेता ने सहमतिदातागण अपने पुत्र-पुत्रियों की सहमति से मेरे पक्षकार के हित मे कर दिया है तथा विक्रेता ने सदर मकान के पेटे अग्रिम राशि प्राप्त कर मेरे पक्षकार के हित मे सदर मकान के विक्रय अनुबंध-पत्र लेख को भी संपादित कर दिया है एवं अनुबंधित समयावधि मे शेष विक्रय मुल्य राशि का भुगतान कर सदर मकान की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र कराना शेष है। उपरोक्त वर्णित अनुबंधित मकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, या किसी बैंक या सहकारी संस्था या शासकीय आदि का ऋण भार हो या उपरोक्त मकान के संबंध में किसी का स्वत्व हित व अधिकार, सुखाधिकार हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्ति मेरे कार्यलय मे कार्यालयीन समय मे आकर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रस्तुत करे बाद अवधि गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार पर उक्त आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार सदर मकान के विक्रय मुल्य की शेष राशि विक्रेता को भुगतान करके अपने हक में विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करा लेगा। इति दिनांक 22/09/2026 स्थान उज्जैन

**शेख गुलाम रसूल (शहजादा) एडव्होकेट**
**आफिस-न्यु हरिफाटक महाकाल मार्ग बेगमबाग चौराहा**
**उज्जैन मो. 92295-65313**


## रामलीला मंचन के प्रथम चरण मे ध्वज पूजन संपन्न

**गुना।** सार्वजनिक श्री रामलीला एंव दशहरा पर्व समिति पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वाधान में 6 अक्टूबर 2026 से प्ररम्भ होने बाली रामलीला मचन के लिए बिधि विधान से ध्वज पूजन एंव मंच पूजन किया गया। भगवान श्री राम दरवार का एंव श्री राम भक्त श्री हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन कर आरती कि गई एंव ब्राह्मणों द्वारा मंत्रो का उच्चारण कर पूजन के बाद प्रसाद वितरण दिन के 4 से जलझूलनी एकादशी पर राम भक्त हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचने वाले सभी मंदिरों के विमान एवं श्री गणेश जी की झांकियां का समाजसेवियों जनप्रतिनिधियों एवं रामलीला समिति के पदाधिकारी और गणमन नागरिकों द्वारा विमान एवं झांकियां का पूजा अर्चना का स्वागत किया गया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता मूल भुमि स्वामी फ़रिोज़ पटेल पिता बाबू पटेल निवासी ग्राम कदवा तहसील सांवेर जिला इन्दौर मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 627 रकबा 0.67 हैक्टर कुल किता 01 कुल विकित रकबा 0.67 हैक्टर लगानी स्थित ग्राम रलायता हैवत तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा । व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो । दिनांक 22-09-2026

**मोहित पाटीदार (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 7999640229, 9669092880**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार ने विक्रेता मनीषा जाटवा पिता श्री ओमप्रकाश जी जाटवा, निवासी- आगर रोड,. साहिबखेडी जेथल, उज्जैन के स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्र. 137 रकबा 0.480 भूमि, ग्राम रामवासा तहसील व जिला उज्जैन का अनुबंध दिनाक 16/09/2026 राशि देकर अनुबंध किया है और मेरे पक्षकार अनुबंध अनुसार शेष विक्रय मूल्य कर विक्रय पत्र का संपादन कराने के लिये तत्पर व तैयार है उपरोक्त अनुबंध मेरे के पक्ष में हुआ है और मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र संपादन कराने मक्षन व तैयार है उपरोक्त भूमि में किसी व्यक्ति, संस्था अथवा कम्पनी इत्यादि का - हित अधिकार होवे तो मूल दस्तावेज लेकर मेरे कार्यालय में उपस्थित होवे और भूमि का अनुबंध जो मेरे पक्षकार के पक्ष में हुआ है किसी प्रकार का अनुबंध विक्रय अंतरण ऋण भार बोझा इत्यादि न करे क्योंकि मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का रा चुके है और बयाना राशि भुगतान कर चुके है अनुबंध दिनांक 16/09/2026 के समक्ष शून्य माना जावेगा। किसी को कोई आपत्ति हो वो कार्यालयीन समय पर उपस्थित समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे और उपरोक्त आपत्ति 5 दिवस में प्रस्तुत करे अन्यथामेरे पक्षकार द्वारा वैधानिक एंव विक्रय पत्र बाबत कार्यवाही की जावेगी। दिनांक-22/09/2026

**प्रदीप शर्मा एडवोकेट**
**निवासी 21 घटकरपरमार्ग , जुली टेलर, फ्रीगंज**
**उज्जैन मो 9926736200**
**कार्यालयीन समय शाम 5.30 से 7.00 तक**

### जाहिर सूचना

सूचित हो, कि मेरे पक्षकार (1) समीर पिता रईस खां (2) अशफाक पिता रईस खां (2) मुस्कान पिता रईस खा (2) आमिर पिता रईस खां निवासीगण ग्राम घौसला, तहसील महिदपूर जिला उज्जैन, भवन / भूखण्ड भूमि सर्वे क्रमांक 534/1/11 ग्राम घौंसला तहसील महिदपूर जिला उज्जैन पर मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित हैं। उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार की माता तनूजाबी पति रईस खां ने हाजी मोहम्मद याकुब पिता हाजी मोहम्मद इब्राहिम से क्रय कर बजर्ये विक्रय पत्र जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय उज्जैन में दस्तावेज क्रमांक 2420 दिनांक 27.12.2010 पर दर्ज होना पाया गया है। जिसके पश्चात तनूजाबी पति रईस खां का स्वर्गवास हो चुका हैं। एवं मेरे पक्षकारों के पिता ने दुसरा विवाह कर मेरे पक्षकारो से कई वर्षों से अलग रह रहे हैं। तदुरांत उक्त संपत्ति मेरे पक्षकारों के नाम बहैसियत स्वामी दर्ज चली आ रही हैं उक्त संपत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा EQUITAS SMALL FINANCE BANK LTD उज्जैन से ऋण प्राप्त किया जा रहा हैं। यदि उक्त संपत्ति पर किसी को अधिकृत (पॉवर ऑफ अटर्नी) किया गया हो या किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन /भूमि पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन 05 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, उपरोक्त वर्णित संपत्ति को उक्त कम्पनी द्वारा बंधकग्रस्त कर निष्पादनं एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा व अवधि समाप्ति पश्चात की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी।

**फौजिया काजी सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय साईधाम कॉलोनी, उज्जैन मो. 9713309134**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी मोहम्मद हुसैन पिता हातिम अली जाति बोहरा, निवासी 95 सुभाष पथ बड़नगर, जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान नगरपालिका गृह क्रमांक 95/2 स्थित सुभाष पथ बड़नगर, जिला उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 54.80 वर्गमीटर है जो कि कच्चा पाटजुपिये का बना हुआ है को कय करने का सौदा उपरोक्त भवन स्वामी से तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है व भवन स्वामी द्वारा एक विक्रय सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित की है तथा शीघ्र ही भवन का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है यदि उक्त भवन के संबंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष मे रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भवन से संबंधित मुख्त्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती में उपरोक्त भवन स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 05 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनांक 22/09/2026

**सूर्यकुमार परमार, एडव्होकेट**
**39/20 मंगलम परिसर बड़नगर**
**जिला उज्जैन, मोबा. 9977060138**

## न्यूज -कॉलम

### जेसीबी के नीचे दबे बिहार के मजदूर की थमी सांसे

**उज्जैन।** बिहार का रहने वाला नवीन पिता संजय मांझी कुछ महिनों पहले मजदूरी के लिये उज्जैन आया था। नीलगंगा थाना क्षेत्र में बन रहे यूनिटी मॉल के पास काम के दौरान 17 सितंबर को उसके ऊपर जेसीबी चढ़ गई थी। दबने से गंभीर घायल मजदूर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान सोमवार-मंगलवार रात मौत हो गई। नीलगंगा थाना एसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि घटनाक्रम समाने आने के बाद जेसीबी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया था। मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन जेसीबी के नीचे दबने की सूचना मिलने पर पहले ही उज्जैन पहुंच गये थे। पोस्टमार्टम के बाद शव बिहार लेकर गये है।

### राजस्थान में रहने वाली महिला की उज्जैन में मौत

**उज्जैन।** राजस्थान के झालावाड़ स्थित गंगाधर ग्राम ढाबला सिया से 19 सितंबर को घायल हालत में रूकमाबाई पति मोहनलाल को परिजन उज्जैन लेकर आये थे। उसका उपचार इंदौररोड स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था। सोमवार रात रूकमाबाई की मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया और परिजनों से पूछताछ की गई। उन्होने बताया कि रूकमाबाई भानेज रमेशचंद्र की बाइक से गिरने पर घायल हुई थी। उसे झालावाड अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां रैफर कर दिया गया था, उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। एसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन झालावाड़ लेकर गये है।

### युवक ने अश्लील इशारे कर महिला का धमकाया

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के बिहारी कालोनी के पीछे रहने वाली महिला रात 10 बजे के लगभग घर के बाहर खडी थी। उसी दौरान नागझिरी का रहने वाला राहुल पिता कन्हैयालाल कटारिया वहां पहुंचा और महिला को अश्लील इशारे करने लगा। महिला ने उसकी हरकतों का विरोध किया तो राहुल ने गाली-गलौच करते हुये धमकाया और बोला कि तुमसे जो बने कर लो। महिला के परिवार ने भी विरोध किया तो उन्हे भी धमकी देकर भाग निकला। सुबह महिला ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### छोटी मायापुरी में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** छोटी मायापुरी में रहने वाली मोनिका पति राजेश रायकवार 30 साल ने मंगलवार दोपहर को जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उपचार के लिये भर्ती किया। मोनिका के जहर खाने की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा पुलिस को दी गई है। बताया जा रहा है कि हालत में सुधार आने पर पुलिस बयान दर्ज करेगी। मोनिका ने संभवत-पारिवारिक विवाद के चलते आत्मघाती कदम उठाया है।

### बहादुरगंज से बाइक चोरी सीसीटीवी में दिखा बदमाश



**उज्जैन।** बहादूरगंज में रहने वाला आशीष पंवार एचडीएफसी बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर है। रविवार-सोमवार रात उसने अपनी बाइक क्रमांक एमपी 13 ईएस 2309 घर के बाहर खडी की थी। मंगलवार सुबह बाइक दिखाई नहीं दी तो आसपास तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये तो रात 10.30 बजे के लगभग एक बदमाश बाइक चोरी करता दिखाई दिया। आशीष पंवार ने मामले की शिकायत कोतवाली थाना पुलिस को दर्ज कराई है। पुलिस फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है, कैमरे वारदातस्थल से दूर लगे थे, जिसके चलते बदमाश का चेहरा स्पष्ट दिखाई नहीं दिया है। पुलिस आसपास लगे कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है।

### ससुराल वालों पर दर्ज कराया दहेज प्रताड़ना का केस

**उज्जैन।** नागदा की दयानंद कालोनी में रहने वाली आशा राठौर 26 साल का कुछ साल पहले रतलाम स्थित अमृत सागर निर्माण समिति में रहने वाले पुष्पेन्द्र राठौर से विवाह हुआ था। शादी के बाद आशा को ससुराल वाले दहेज के लिये मानसिक रूप से प्रताडित करने लगे। वह मायके आ गई थी, लेकिन ससुराल वालों की प्रताडना कम नहीं हुई। आशा ने नागदा थाने पहुंचकर पति, ससुर-सास के खिलाफ दहेज प्रताडना का प्रकरण दर्ज कराया। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि मामले में जांच शुरू की गई है। ससुराल पक्ष की गिरफ्तारी कर बयान दर्ज किये जायेगें।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 169-6 | 140-5 |
| मेन बाजार | 368-7 | 578-0 |
| कल्याण नाइट | 227-1 | 580-3 |
| मिलन डे | 468-8 | 349-6 |
| मिलन नाइट | 568-9 | 179-7 |
| मधुर डे | 166-3 | 238-3 |
| मधुर नाइट | 269-7 | 380-1 |
| शुभांक | 3 6 | 4 |







# ढोल ग्यारस पर निकला झिलमिलाती झांकियों का कारवां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ढोल ग्यारस के अवसर पर मंगलवार रात शहर में झिलमिलाती झांकियों का कारवां निकला। विभिन्न समितियों की ओर से तैयार की गई झांकियों में धार्मिक प्रसंगों के साथ उज्जैन में हुए विकास कार्यों को भी दर्शाया गया। झांकियां देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ पहुंचे। देर रात तक शहर में झांकियों के निकलने का सिलसिला जारी रहा। झांकियों का कारवां फ्रीगंज तीन बत्ती चौराहा, टावर चौक, चामुंडा माता, देवास गेट, मालीपुरा और दौलतगंज सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। सबसे पहले हाथीपुरा की झांकी में इंद्र-गरुड़ युद्ध का दृश्य प्रस्तुत किया गया। वहीं राधा-कृष्ण मंदिर समिति शांति नगर, शांति नगर अखाड़ा की झांकी में त्रिदेव द्वारा सती अनसूया की परीक्षा का प्रसंग दिखाया गया।

**शहर में हुए विकास कार्यों को भी झांकी में दर्शाया-** बेरवा पंचायत प्रकाश नगर की ओर से तैयार झांकी में उज्जैन में हुए विकास कार्यों को दर्शाया गया। इसमें अमृत कलश के साथ मुख्यमंत्री का पुतला और धन्यवाद संदेश भी प्रदर्शित किया गया। सिंहस्थ-2028 के लिए प्रस्तावित और किए जा रहे विकास कार्यों के दृश्य भी झांकी में देखे गए जैसे मेडिसिटी, मेडिकल कॉलेज, विक्रम उद्योगपुरी, यूनिट मॉल, आईटी पार्क और एलिवेटेड ब्रिज सहित विभिन्न विकास कार्यों के मॉडल बनाए गए।

**धार्मिक स्थलों के दृश्य भी आकर्षण का केंद्र-** एक अन्य झांकी में सती गेट, खड़े हनुमान और गोपाल मंदिर के दृश्य प्रस्तुत किए गए। झांकियां जैसे-जैसे आगे बढ़ती गईं, उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ भी बढ़ती गई। रात करीब 11 बजे के बाद झांकियों का कारवां नई सिटी से होते हुए पुरानी सिटी, चामुंडा माता और देवास गेट क्षेत्र में पहुंचा। बड़ी संख्या में लोग झांकियां देखने के लिए मौजूद रहे। एक के बाद एक झांकियां निकलती रहीं और देर रात तक शहर में झिलमिलाती झांकियों का कारवां निकलता रहा।

### रात 2 बजे अलखनंदा नगर में पुलिस का रेस्क्यू....

## आगर के बीच मकान में फंसे थे परिवार के सदस्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अलखनंदा नगर में सोमवार-मंगलवार एक मकान में रात डेढ़ बजे आग लग गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो परिवार के पांच सदस्य ऊपरी मंजिल पर फंसे थे। रात 2 बजे रेस्क्यू शुरू किया और कुछ देर की मशक्कत के बाद सभी का सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया।

नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि अलखनंदा नगर में रहने वाले मोघिया परिवार के 2 मंजिला मकान में रात डेढ़ बजे आग लगने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे थे। आग नीचे लगी थी, पहली और दूसरी मंजिल पर परिवार के पांच सदस्य फंसे थे। लपटे उठने और धुआं फैलने परिवार के साथ डेढ़ साल मासूम घबरा गये थे। आसपास के लोगों ने फायर बिग्रेड का सूचना पहुंचाई थी। इसी बीच पुलिस ने मकान में फंसे परिवार को सुरक्षित बाहर निकालने के लिये रेस्क्यू शुरू किया। फायर बिग्रेड के कर्मचारी भी मौके पर आ गये थे। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद परिवार को ऊपरी मंजिल से सीढियों के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।



फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये। 3 फायर फायटर की मदद से 1 घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। मोघिया परिवार के सदस्यों में अनमोल, आयुष, महक, मीनादेवी और डेढ़ वर्ष का दिवान शामिल थे। सभी का सफलता पूर्वक रेस्क्यू किया गया।

#### शार्ट सर्किट मकान में फैली आग

बताया जा रहा है कि आग निचली मंजिल के मेनगेट के पास लगी थी। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना सामने आया है। मेनगेट के पास बने कमरे आग की चपेट में आ गये थे, जिससे आग और धुएं ने विकराल रूप ले लिया था। कमरों के पास से ही ऊपरी मंजिल पर जाने का रास्ता था। जो आगजनी से घिर गया था, परिवार के सदस्य नीचे नहीं आ सकते थे। आग देख आसपास के लोग भी दहशत में आ गये थे। गनीमत रही कि आगजनी में आसपास के मकान नहीं आये।

#### आगजनी में लाखों का हुआ नुकसान

थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि परिवार ने आगजनी में लाखों का नुकसान होना बताया है। जनहानि नहीं हुई, आग में घर का काफी समान जला है। जिसमें फर्नीचर और घरेलू सामान बताया गया है। परिवार मंगलवार दोपहर आगजनी की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचा था। मामले में जांच शुरू की जायेगी।

## विवाद पुजारी-साधुओं का, मुक्का मारा एसआई को



**उज्जैन।** कालभैरव मंदिर में मंगलवार शाम पुजारी और कुछ साधुओं के बीच विवाद हो गया। घटनाक्रम का पता चलने पर एसआई मौके पर पहुंचे। एक साधु ने एसआई को मुक्का मार दिया। साधु कार्रवाई की मांग कर रहे थे। लेकिन बाद में मामला शांत करा दिया।

बताया कि कालभैरव मंदिर से बाबा की सवारी निकलने से पहले कुछ साधुओं का मंदिर के पुजारी से विवाद हो गया था। साधुओं ने मंदिर के गेट पर बैठ कार्रवाई की मांग शुरू कर दी। एसआई महेन्द्रसिंह सेंधव साधुओं से चर्चा करने पहुंचे और उन्हे मामले की जांच करने का आश्वासन दिया लेकिन साधुओं का कहना था कि कार्रवाई की जाये। एसआई सेंधव चर्चा कर रहे थे उसी दौरान एक साधु ने एसआई को मुक्का मारा, जो एसआई की छाती पर लगा, घटनाक्रम देख अन्य साधुओं ने मुक्का मारने वाले का पीछे खींच लिया। एसआई ने धैर्य रखा और साधुओ को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। मामले में थाना प्रभारी शैलेन्द्रसिंह राजावत ने बताया कि विवाद की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। साधुओं को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। साधु कार्रवाई के मांग पर अडे थे।


## पश्चिम रेलवे

| क्रम संख्या | खसरा संख्या | भूमि का प्रकार सिंचित / असिंचित / आवासीय व्यवसायिक | आवासीय / व्यवसायिक भूमि का क्षेत्रफल वर्गमीटर में | अर्जनीय भूमि मालिक का क्षेत्रफल हेक्टेयर में | भूमि का नाम हितबद्ध / व्यक्तियों के नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| **तहसील- खाचरौद** | | | | | |
| **ग्राम बुरानाबाद, प.ह.नं.-33** | | | | | |
| 1 | 27 | सिंचित | - | 0.350 | अर्जुन पिता शिवराम संतोष पिता शिवराम पत्ता बुरानाबाद खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 28 | सिंचित | - | 0.310 | |
| 2 | 19/2 | सिंचित | - | 0.080 | इसराइल पिता इकबाल जाति मुसलमान पता बुरानाबाद खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 3 | 18 | सिंचित | - | 0.520 | इकबालखां पिता मजीद खां जाति मुसलमान पता खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 4 | 15/2 | सिंचित | - | 0.110 | राजेश पिता लक्ष्मण जाति मीणा पता बुरानाबाद खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 5 | 15/4/1 | सिंचित | - | 0.035 | नौशाद मंसूरी पिता अब्दुल हक मंसूरी जाति मुसलमान पता नागदा उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 15/3/1 | सिंचित | - | 0.020 | |
| 6 | 15/4/2 | सिंचित | - | 0.035 | गुलाबसिंह पिता भेरुलाल जाति गुर्जर पता बेडावन्य खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 15/3/2 | सिंचित | - | 0.20 | |
| 7 | 15/1 | सिंचित | - | 0.140 | मोहनलाल पिता लक्ष्मण जाति मीणा पता बुरानाबाद खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 8 | 14 | सिंचित | - | 0.080 | चन्द्रशेखर पिता बालाराम जाति मीणा पता बुरानाबाद खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 9 | 13 | सिंचित | - | 0.020 | कांताबाई पिता माधौसिंह कुलदीपसिंह व संदीपसिंह व रीतु ठाकुर व रेखा पिता दरियावसिंह व सुगनंकुंवर पति दरियावसिंह गंगाबाई पिता माधौसिंह सजनसिंह पिता माधौसिंह रामसिंह पिता माधौसिंह तुलसाबाई पिता माधौसिंह पता बुरानाबाद खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 10 | 31 | सिंचित | - | 0.050 | मनोज पिता घीसालाल मुकेश पिता घीसालाल संतोष पिता घीसालाल रेखा पिता घीसालाल मधु पिता घीसालाल अनीता पिता घीसालाल बसंतीबाई पति घीसालाल जाति मीना पता बुरानाबाद खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 49 | सिंचित | - | 0.040 | |
| 11 | 51/2 | सिंचित | - | 0.010 | राजेन्द्रसिह पिता गोपालसिह जाति राजपुत पता बुरानाबाद खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 12 | 51/1/2 | सिंचित | - | 0.030 | जमीला बी पति मोहम्मद खान जाति मुसलमान पता बेडावन्या खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 13 | 51/1/1 | सिंचित | - | 0.020 | भुपेन्द्रसिंह डोडीया पुत्र नारायणसिंह पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 14 | 362/2 | सिंचित | - | 0.020 | राहुलसिंह पुत्र दरबारसिंह जाति राजपूत पता खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 15 | 362/1 | सिंचित | - | 0.040 | रमेश पुत्र गेन्दालाल जाति मीणा पता खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 16 | 364/2 | सिंचित | - | 0.030 | बसंतीबाई बेवा जगदीश ममता पिता जगदीश रवि पिता जगदीश रीना पिता जगदीश बबिता पिता जगदीश राहुल पिता जगदीश जाति मीणा पता नागदा उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 17 | 387/1 | सिंचित | - | 0.300 | मनोज पिता घीसालाल मुकेश पिता घीसालाल संतोष पिता घीसालाल रेखा पिता घीसालाल मधु पिता घीसालाल अनीता पिता घीसालाल बसंतीबाई पति घीसालाल जाति मीना पता बुरानाबाद खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 367/2 | सिंचित | - | 0.022 | |
| 18 | 366 | सिंचित | - | 0.010 | बाबूलाल दत्तक चम्पालाल जाति मीणा पता बुरानाबाद खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| **योग** | **23** | - | - | **2.022** | |
| **तहसील- खाचरौद** | | | | | |
| **ग्राम- उमरनी, प.ह.नं. – 32** | | | | | |
| 1 | 2 | सिंचित | - | 0.140 | मोहम्मद अखलाक पिता इसहाक कुरेशी जाति मुसलमान पता उमरनी खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 2 | 4/2 | सिंचित | - | 0.330 | महेन्द्र पिता भारतसिंह कुमावत पता उमरनी खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | 20 | सिंचित | - | 0.009 | |
| | 47/3 | सिंचित | - | 0.020 | |
| 3 | 13 | सिंचित | - | 0.150 | रुकसानाबी पति मोहम्मद शरीफ नीलोफरबी पति रईस रिहानाबी कुरैशी पति मम्मू कुरैशी रजिया बेगम पति मुबारिक हुसैन हसीनाबी पति अजीम रशीदाबी पति शाबिर हुसैन जुबेदाबी पति इब्राहिम कुरैशी जाति मुसलमान पता नागदा खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 4 | 14 | सिंचित | - | 0.040 | कालू पिता बाबरू जाति बलाई पता उमरनी खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 5 | 16 | सिंचित | - | 0.050 | सूरेश पिता भारतसिंह पता नागदा खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 6 | 17 | सिंचित | - | 0.070 | मीराबाई पति नरसिंह जाति बलाई पता उमरनी खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 7 | 54 | सिंचित | - | 0.110 | अंगूरबाला पुत्री शांतिलाल मुकेश पिता शांतिलाल राकेश पिता शांतिलाल महेश पिता शांतिलाल पारसबाई पुत्री शांतिलाल राजेश पिता शांतिलाल जाति नाई पता उमरनी खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 8 | 461 | सिंचित | - | 0.110 | सतीश कमलेश पुत्र जगदीश राजेश पिता कन्हैयालाल रूकमाबाई बेवा जगदीश पता उमरनी खाचरोद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 9 | 458/2 | सिंचित | - | 0.170 | अब्बास अली पिता असगर अली चंद्रप्रकाश 0.170 पि अर्जुनदास जाति टिलवानी पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 10 | 459 | सिंचित | - | 0.015 | राजेश गुर्जर पिता करणसिंह अब्बास अली पिता असगर अली दिग्विजयसिंह धाभाई पिता तेजसिंह पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 11 | 503/2/1/1 | आवासीय प्लॉट | - | 0.080 | यूसुफखा पिता अशरफखां अजहरुद्दीन शाह पिता मोईनुद्दीन नरसिंह पिता बालू शाकिर शाह पिता कल्लू अफ़ज़ल बी पिता इशाक खान रमेश पिता हरिराम पिंकी पति रमेश राजेश एमएस पिता श्रीधरन शामूबाई पति बनेसिंह मंगल सूर्यवंशी पिता तेजू राकेश पुत्र भेरूलाल विक्रमसिंह पिता दरयाव सिंह सविता पति महेश कैलाश पिता कालूराम कमलाबाई पति कैलाश जाति बलाई पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 12 | 502/3 | असिंचित | - | 0.015 | दिनेश पिता श्रवणलाल जाति मीणा पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 13 | 502/2 | असिंचित | - | 0.015 | अशोककुमार पिता श्रवणलाल जाति मीणा पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 14 | 502/1 | असिंचित | - | 0.015 | दीपक पिता श्रवणलाल जाति मीणा पता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 15 | 501 | असिंचित | - | 0.060 | उदयसिह राठौड पिता गोवर्धनसिह राठौड तेजसिह झाला पिता कन्हैयासिह झाला महेंद्रसिंह राठौड़ पिता समुन्द्रसिंह राठौड़ दुर्गाप्रसाद खटोड़ पिता शिव भगवान संतोष पाटीदार पिता प्रेमचंद्र नन्दीबाई पति पन्नालाल राजेश पाटीदार पिता पन्नालाल पाटीदार बद्रीलाल पाटीदार पिता अम्बाराम अशोक पाटीदार पिता चम्पालाल पाटीदार पता छोटा चिरोला खाचरौद उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| **योग** | **10** | - | - | **3.100** | |

अतः उपरोक्त उल्लेखित भूमि की विशिष्टीयों से संबंधित सभी हितों की प्रकृति के लिए दावें / आपत्तियाँ यदि कोई हो तो, दिनांक 28/09/2026 को कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, खाचरोद के न्यायालय में पेश करें।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, खाचरोद जिला- उज्जैन**

0621

Like us on: facebook.com/WesternRly | Follow us on: X.com/WesternRly Page 5


## पति ने वेंटिलेशन से देखा तो फंदे पर लटकी थी पत्नी

### घट्टिया में बुजुर्ग और युवक ने भी लगाई फांसी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फांसी लगाकर आत्महत्या करने के तीन मामले मंगलवार को सामने आये। एक मामले में पति ने दरवाजा नहीं खोलने पर वेंटिलेशन से देखा तो पत्नी फंदे पर लटकी मिली। बुजुर्ग घर से दूर खेत में आम के पेड पर लटका था। वहीं युवक ने घर में फांसी लगाई थी जिसकी अस्पताल में मौत हो गई।

पहला मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के तिरूपतिधाम कालोनी से सामने आया। रात 2 बजे के लगभग शिवानी मालवीय 22 साल को पति हीरालाल मालवीय चरक अस्पताल लेकर पहुंचा था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो सामने आया कि शिवानी ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाई है। पति से पूछताछ में बताया कि शिवानी से उसने 2 साल पहले प्रेम विवाह किया था। शिवानी सेंटपाल स्कूल के पास कर रहने वाली थी उसके माता-पिता भी प्रेम विवाह से नाराज नहीं थे। पति का कहना था कि वह ड्रायवर है रात में सवारी लेकर बाहर जाना था, शिवानी ने विवाद किया और रात का काम छोडने की बात कहीं। उसने काम छोडने पर घर कैसे चलायेगें कहा तो उसने विवाद किया था और दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक नहीं खोला तो वेंटिलेशन देखा। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

#### रातभर घर नहीं लौटा था बुजुर्ग

दूसरा मामला घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम डाबरी का है। रात में नारायण पिता पीरूसिंह 52 साल घर नहीं लौटा था। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिला। मंगलवार सुबह 6 बजे ग्रामीणों ने उसे घर से 100 मीटर दूर खेत किनारे आम के पेड पर रस्सी के फंदे से लटका देखा। परिजनों ने बताया कि शराब पीने के आदी थे। कई बार रात में घर नहीं आते थे तलाश करनी पडती थी। रात में कहीं नहीं मिले थे। पुलिस के अनुसार फिलहाल फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है।

#### अस्पताल में हुई युवक की मौत

फांसी लगाने का तीसरा मामला घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम निपानिया का है। यहां रहने वाले मनोज पिता रामसिंह कुशवाह ने सोमवार दोपहर को घर में फांसी लगा ली थी। परिजनों ने उसे फंदे से उतारा था। सांस चलने पर उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मंगलवार तडके मनोज की मौत होने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। मनोज के फांसी लगाने की जांच घट्टिया थाना पुलिस द्वारा मर्ग डायरी मिलने पर शुरू की जायेगी।

## आज 12-12 घंटे की होगी दिन-रात की अवधि

### शंकु यंत्र पर देखी जा सकेगी खगोलीय घटना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पृथ्वी के सूर्य के चारों परिक्रमण के कारण आज दिन-रात की अवधि 12-12 घंटे की रहेगी। दिन-रात के बराबर होने की खगोलीय घटना को शासकीय जीवाजी वेधशाला पर शुंक यंत्र के माध्यम से देखा जा सकेगा। सूर्य विषुवत रेखा पर लंबवत होगा।

जीवाजीराव वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्त ने बताया कि 23 सितंबर को सूर्य सायन तुला राशि में प्रवेश करेगा। इस दिन सूर्य की क्रांति 0 अंश 06 कला दक्षिण तथा स्थिति सायन तुला राशि में 0 अंश 15 कला 40 विकला होगी। गुरूवार 24 सितंबर से सूर्य की किरणों की तीव्रता उत्तरी गोलार्द्ध में धीरे-धीरे कम होने लगेगी, जिससे शरद ऋतु का प्रारंभ माना जाता है। आज सूर्य विषुवत रेखा पर लंबवत रहेगा, जिसके चलते दिन-रात की अवधि 12-12 घंटे की रहेगी। खगोलीय घटना में जिज्ञासा रखने वालों के लिये शासकीय जीवाजी वेधशाला उज्जैन में इस घटना को शंकु यंत्र और नाडीवलय यंत्र के माध्यम से प्रत्यक्ष देखा सकेगें। बुधवार (आज) शंकु की छाया पूरे दिन विषुवत रेखा पर सीधी रेखा में गमन करती दिखाई देगी। वहीं नाडीवलय यंत्र के उत्तरी और दक्षिणी गोल भागों पर सूर्य की रोशनी में होने वाला परिवर्तन भी देखा जा सकेगा। 23 सितंबर को दोनों गोल भागों पर धूप नहीं होगी, जबकि 24 सितंबर से अगले छह माह तक ना?ीवलय यंत्र के दक्षिणी गोल भाग पर सूर्य की धूप दिखाई देगी।

#### 22 दिसंबर को होगा सबसे छोटा दिन

सूर्य के दक्षिणी गोलार्द्ध में लगातार आगे बढ़ने के कारण उत्तरी गोलार्द्ध में दिन छोटे और रातें बडी होती जाएंगी। यह क्रम 22 दिसंबर तक चलेगा। इस दिन भारत सहित उत्तरी गोलार्द्ध में वर्ष का सबसे छोटा दिन और सबसे बडी रात होगी।



## श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण ही कथा का सम्पूर्ण पूजन विधान – प्रभु नागर

**तराना।** सेवा का व्रत ही सबसे बड़ा व्रत है भजन से बढ़कर त्याग होता है, त्याग से बढ़कर सेवा होती है,और सेवा से बढ़कर समर्पण होता है! भागवत भाव श्री गुरु के वचन से प्राप्त होता है! भक्तों की संगति से प्रेम का रंग चढ़ जाता है! अध्ययन, मनन, सेवा,चिंतन भजन में कभी भी संतोष नहीं करना चाहिए। उपरोक्त विचार श प्रभु नागर ने मालवा की द्वारका में स्थित द्वारकाधीश मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को उपस्थित भक्त जनों के समक्ष व्यक्त किए।

## नव निर्वाचित सदस्य मेहता का स्वागत किया



**तराना।** ग्राम डोबड़ा गुर्जर में कथा से समापन पर म.प्र स्टेट बार कॉउंसिल के नव निर्वाचित सदस्य संदीप मेहता शामिल हुए। इस दौरान नव निर्वाचित सदस्य मेहता का स्वागत किया गया जिसमें पूर्व बार अध्यक्ष ओकार सिंह गलगच ,सुभाष शर्मा बघेरा, जयराम बडाल आदि शामिल रहे।वही कथा वाचक वीरेन्द्र शास्त्री ने संबोधित किया। समापन पर महाप्रसादी का आयोजन किया गया । इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## गणेशोत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों की धूम

**खाचरोद।** श्री सीतला माता स्थित श्री राज राजेन्द्र विद्या मंदिर मे गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेशोत्सव में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के द्वारा उनके निर्धारित दिवस पर रंगोली, प्रश्न मंच, नृत्य, आरती, गायन आदि कार्यक्रमों को किया जा रहा है। दिनांक21/09/2026 को कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियो के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक साज सज्जा की गई। प्राचार्य श्री जितेन्द्र जैन ने इस अवसर पर प्रेरणा देते हुए कहा कि कक्षा 12 वीं म .प्र. बोर्ड एक महत्वपूर्ण कक्षा है, जो जीवन की दिशा को तय करता है इसलिये कठिन परिश्रम, पढ़ाई के प्रति समर्पण और संकल्प से जीवन के सर्वांगीण क्षेत्र में उच्च स्थान को प्राप्त करें। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यार्थियों के द्वारा आरती, भजन, प्रश्नोत्तरी, कहानी वाचन किया गया।

## सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ



**मक्सी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत मक्सी मंडल के विभिन्न स्थानों पर भव्य रूप से आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्थानीय झंडा चौक और ग्राम सिरोलिया स्थित श्रीराम मंदिर पर हुए, जहाँ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने दीप जलाकर प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सुदीर्घ एवं जीवन की कामना की। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## वित्तीय अनियमितता के चलते पूर्व सरपंचों को किया 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** राजगढ़ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले के न्यायालय द्वारा पंचायतों में वित्तीय अनियमितता एवं राशि वसूली से संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई की गई। ग्राम पंचायत पाडल्या आंजना, जनपद पंचायत राजगढ़ के पूर्व सरपंच चंदरसिंह एवं तत्कालीन सचिव कैलाशचन्द्र लववंशी के विरुद्ध सामुदायिक भवन एवं हेडमास्टर कक्ष से संबंधित वसूली प्रकरण प्रचलित थे।

### तेजाजी महाराज का जन्मोत्सव पर निकला निशानों का चल समारोह, निशान चढ़ाएं,13 फीट की अगरबत्ती से महका तेजाजी चौक

# तेजा दशमी पर लगे एक दिवसीय मेले में उमड़ी भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर







बड़नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में सोमवार को तेजा दशमी पर लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की जयंती मनाई गई। तेजाजी महाराज की जयंती को लेकर शहर के तेजाजी चौक स्थित वीर तेजाजी का मंदिर पर सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहेगी और वे तेजाजी महाराज की पूजा-अर्चना कर नारियल चढ़ाएं।

मंदिर पुजारी कमलनाथ बैरागी ने बताया कि दो दिवसीय उत्सव की शुरूआत रविवार नवमी को की गई। जिसका पहले दिन रविवार को तेजाजी महाराज के अभिषेक, आरती की जाकर प्रसादी का वितरण हुआ। इसके पश्चात रातभर जागरण हुआ। सोमवार को प्रातः बेला में पुजन अर्चन के साथ आरती की गई। इसके पश्चात मंदिर पर देर रात्रि तक दर्शनार्थियों का तातां लगा। वही सांप के काटे भक्तो व पशुओ की तांती ( धागा) छोड़ी गई। मान मन्नत वाले भक्तजन द्वारा ढोल ढमाको के साथ छत्रीनुमा निशान भी मंदिर पर चढ़ाये गए। इस दौरान पूरा तेजाजी चौक 13 फिट लंबी अगरबत्ती की खुशबू से महकता रहा। तहसील में कई स्थानों पर मेले भी लगे और सर्पदंश से ठीक होने वाले व्यक्ति तांती छुड़ाई गई।

### तनोडिया

सोमवार को तेजा दशमी पर्व सबसे अधिक मध्यप्रदेश, राजस्थान में धुमधाम से मनाया जाता है। ऐसा ही स्थानीय वीर तेजाजी समिति संनातन चौक के तत्वावधान में सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज का जन्मोत्सव प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। आयोजन के तहत रविवार को रात्रि में मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सोमवार को सुबह से ही वीर तेजाजी महाराज मंदिर में भक्तों का तांता लगना शुरू हुआ जो शाम 4 बजे तक जारी रहा। कोइ अगरबती नारियल, दुध चढ़ाकर मन्नत मांगी गई तो किसी ने निशान चढाकर मन्नत पूरी की गई। साथ एक दिवसीय मेला लगा। जिसमें सेकडो भक्तों ने मेला का आनंद लिया। जमकर खरीदी की गई। चल समारोह नई आबादी से प्रारभं होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शाम 4 बजे बाद संनातन चौक मंदिर परिसर में पहुंचीं। जगह-जगह अखाड़े करतब दिखाते हुए चल रहे थे। समारोह में निशान लगभग 60 से 65 निशान चल रहे थे। मंदिर पहुंचते पहुंचते करीबन 85 निशान चढ़ाएं गए। पंडाजी चेतन ने महिलाओं की गोद भी भरी गई। और क्षैत्र में सुख शांति समृद्धि बनी रहेगी। महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### खाचरोद

नगर में श्री वीर तेजा जी महाराज की निशान यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकलती हुई तालाब पाल पर स्थित श्री वीर तेजाजी मंदिर पर निशान अर्पित किया गया। भक्तों का ताता लग गया।

### महिदपुर रोड

धार्मिक त्यौहार हमारी संस्कृति की अनुपम धरोहर हैं ऐसे आयोजन हमें न केवल समुचित सामाजिक जीवन जीने की प्रेरणा देते है बल्कि परिवार के बच्चों को भी उचित धार्मिक संस्कार देने के माध्यम होते है। यह बात पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह गुर ने ग्राम बरूखेड़ी में तेजा दशमी पर तेजाजी महाराज को पुष्प माला तथा पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष कही इससे पूर्व रविवार की रात्रि में गांव में तेजाजी महाराज के मंदिर में रात्रि जागरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गांव वालों ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया सोमवार को यहां बड़ी संख्या में आसपास के गांव से तेजाजी महाराज के श्रद्धालु रंग बिरंगी छतरियां निशान लेकर आये। जाट समाज सहित अन्य समाजों के समाजजन तेजाजी महाराज में बड़ी धार्मिक आस्था एवं श्रद्धा रखते हैं मान्यता है कि विषैले जीव जंतुओं के दंश से पीड़ित व्यक्ति को तेजाजी महारा ज का नाम लेकर (ध्यान कर) रक्षा सूत्र बांधने से पीड़ित व्यक्ति को विष के प्रभाव से राहत मिलती है सोमवार को गांव में महिलाओं ने चूल्हे पर भोजन नहीं बनाते हुए परंपरागत रप से दाल बाटी बनाई इस दिन जाट समाज के परिवारों में चूल्हे पर तवा नहीं चढ़ाया जाता

### जगोटी

चौक बाजार जगोटी स्थित प्राचीन श्री सत्यवीर तेजाजी मंदिर पर सोमवार को दशमी पर्व उल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया। क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों से आए श्रद्धालुओं ने मन्नत स्वरुप निशान (छतरी) अर्पित करते हुए पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में सदियों से लगने वाले एक दिवसीय मेले में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। रविवार सायं को मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान आरंभ हुए, मुख्य पूजा रमेश जाट व परिजनों ने की। चार दशकों से मंदिर में सेवाएं दे रहे कैलाश वर्मा ने बताया कि दशमी के एक दिन पहले से ही घरों व दुकानों पर धारदार औजारों का उपयोग बन्द हो जाता है श्रद्धालु दशमी का वृत रखते हैं। रविवार सायं मंदिर परिसर में राजस्थान से आई नाट्य मंडली द्वारा लोक देवता वीर तेजाजी की कथा का मंचन देर रात तक किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं मौजूद रही। सोमवार देर शाम महाआरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

### खरसौदकलां

क्षेत्र में सोमवार को तेजा दशमी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। तेजाजी मंदिर परिसर में सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने तेजाजी महाराज की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। तेजाजी मंदिर परिसर में हवन-पूजन सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। इस दौरान अखाड़ों और पारंपरिक कथा के खेल करतबों का भी मंचन किया गया। दोपहर बाद मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु आस्था के निशान लेकर निकले। समाजजनों के अलग-अलग जत्थों में अखाड़ों ने पारंपरिक करतब दिखाए। तेजाजी महाराज के जयकारों के साथ निकले चल समारोह से माहौल भक्तिमय हो गया। मार्ग में श्रद्धालुओं ने निशानों की पूजा-अर्चना कर आस्था प्रकट की।

### हायर सेकंडरी स्कूल में संकुल स्तरीय सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत

## विकसित भारत 2047 की संकल्पना पर विद्यार्थियों ने उकेरे सपने, दिए प्रभावी भाषण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्थानीय शा, उ.मा.वि. संकुल तनोडिया में आसपास क्षेत्र के शासकीय स्कूलों व निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन संकुल स्तरीय पर किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय विकसित भारत 2047 रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, रचनात्मकता एवं विचारों के माध्यम से विकसित भारत की परिकल्पना को चित्रों एवं भाषणों के माध्यम से प्रस्तुत किया कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए चित्रों की विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विकसित भारत की संकल्पना के अंतर्गत शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, श्रीराम मंदिर, आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कार्यकर्ता रुपनारायण भाटी राठौर उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का अवलोकन करते हुए उनके उत्साह एवं रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की तथा विकसित भारत 2047 के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। चित्रकला प्रतियोगिता में कृष्णा सिसोदिया, आरती एवं पुजा का चयन किया गया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में ज्योति वाघेला,साक्षी एवं सतीश सुर्यवंशी चयनित रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य संदीप शर्मा ने किया।

इसी प्रकार सुसनेर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुसनेर में संकुल स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में संकुल क्षेत्र के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए चित्रकला और भाषण के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के बाद अतिथियों द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मार्गदर्शक नोडल गोविंद पाटीदार, संकुल प्राचार्य अनीता जैन सहित सभी शिक्षक साथियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शिवलाल दांगी ने किया।

### 24 करोड़ की जल योजना के बाद भी पेयजल संकट

## चुनावी माहौल के बीच पेयजल को लेकर लोगों में नाराजगी

■ नियमित सप्लाई और पूर्व सूचना की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव को लेकर नगर में चुनावी माहौल बना हुआ है। राजनीतिक दल और प्रत्याशी वार्डों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से संवाद कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर की पेयजल व्यवस्था को लेकर लोगों की परेशानी लगातार बनी हुई है। करीब 24 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से किटखेड़ी डेम जल सप्लाई योजना शुरू होने के बावजूद नगरवासियों को नियमित रूप से पानी नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में नगर में एक दिन छोड़कर नल सप्लाई की जा रही है, लेकिन कई बार निर्धारित दिन पर भी पानी नहीं पहुंचता और दो से तीन दिन तक जल सप्लाई बंद रहने की स्थिति बन जाती है।

नगरवासियों की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि जल सप्लाई बंद होने की पूर्व सूचना भी नहीं दी जाती। लोगों के अनुसार कई बार सुबह निर्धारित समय पर नल आने की उम्मीद रहती है,

**न मुनादी, न प्रेस सूचना, लोग करते रहते हैं इंतजार**

नगर में जल सप्लाई प्रभावित होने पर लोगों को जानकारी देने के लिए कोई नियमित सूचना व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। नगरवासियों का कहना है कि कई बार दो से तीन दिन तक सप्लाई प्रभावित रहने के बावजूद न तो मुनादी कराई जाती है और न ही प्रेस के माध्यम से सूचना जारी की जाती है। ऐसे में लोगों को यह जानकारी ही नहीं रहती कि पानी क्यों नहीं आ रहा है और अगली सप्लाई कब होगी।

लेकिन जब नल नहीं आते तो संबंधित कंपनी या जिम्मेदार विभाग से जानकारी लेने के बाद पता चलता है कि किसी कारण से सप्लाई रोक दी गई है। इस दौरान कई परिवारों को पानी की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए परेशान होना पड़ता है।

सोमवार को भी नगर में सुबह की नल सप्लाई प्रभावित रही। इस संबंध में जिम्मेदारों से जानकारी लेने पर बताया गया कि रविवार को बिजली बंद रहने के कारण जल सप्लाई प्रभावित हुई थी जिसके चलते सोमवार सुबह नल सप्लाई नहीं हो सकी।



## राठौर समाज के होनहार राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हुए सम्मानित

**तराना।** शिक्षा के क्षेत्र में छात्र खुशहाल बोडाना ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे समाज का नाम रोशन किया है। खुशहाल की इस सफलता पर उन्हें बच्चों के प्रतिभा सम्मान के भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम नीमच में विशेष रूप से पुरस्कृत व सम्मानित किया गया है।मंच पर अतिथियों द्वारा खुशहाल को उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्य नागरिकों और समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खुशहाल का हौसला बढ़ाया।समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और प्रबुद्धजनों ने कहा खुशहाल ने न केवल अपने माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा किया है, बल्कि समाज के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बने हैं।

## सुगन्धित धूप की खुशबू से महके जैन मंदिर चलसमारोह निकला,महिलाओं ने रखा उपवास



**सुसनेर।** दिगंबर जैन समाज के पर्युषण पर्व में सोमवार को सुगंध दशमी (धूप दशमी) मनाई गई। खेमन पर्व के चलते जिनालयों में भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई। धूप दशमी पर चलसमारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। रविवार को उत्तम संयम धर्म धूप दशमी के अवसर पर कथा का वाचन कर पर्व के बारे में जानकारी दी। जैन मंदिर में बच्चों और महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुती दी गई। धूप दशमी को धूप खेवन पर्व भी कहा जाता है। पर्युषण पर्व के छठवें दिन समाजजन सभी जैन मंदिरों में जाकर श्रीजी के चरणों में धूप अर्पित की जिससे वायुमंडल सुगंधित व स्वच्छ हो जाता है। जैन मंदिरों में जाकर 24 तीर्थंकरों को धूप अर्पित करने के साथ भगवान से प्रार्थना कि – हे भगवान! इस सुगंध दशमी के दिन, मैं आनंद की तलाश के रूप में अपने नाम में प्रार्थना करता हूं। मैं तीर्थंकरों द्वारा बतलाए मार्ग का पालन करने की प्रार्थना करता हूं, जो ज्ञान और मुक्ति का एहसास कराते हैं।

### सुसनेर नगर परिषद उप-चुनाव

## भाजपा ने घोषित की 55 सदस्यीय संचालन टोली, शर्मा बने चुनाव संचालक

**सुसनेर।** भारतीय जनता पार्टी जिला आगर मालवा द्वारा सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के उप-चुनाव हेतु संचालन टोली का गठन कर दिया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने टोली की घोषणा की। जिलाध्यक्ष द्वारा जारी सूची के अनुसार चुनाव संचालक की जिम्मेदारी महेश कुमार शर्मा को दी गई है। वहीं सह प्रभारी के रूप में राणा प्रथमपाल सिंह और जितेन्द्र सांवला को नियुक्त किया गया है। जनसंपर्क प्रभारी पवन शर्मा होंगे। कार्यालय व्यवस्था की जिम्मेदारी कमल गर्ग और सुरेश चौधरी को, जबकि निर्वाचन कार्य प्रभारी मुकेश हरदेनिया को बनाया गया है।

## सुठालिया परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित किसानों के प्रति शासन एवं जिला प्रशासन संवेदनशील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

सुठालिया परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित किसानों द्वारा अपनी मांगों को लेकर की जा रही भूख हड़ताल के संबंध में मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किसानों के साथ निरंतर संवाद एवं संपर्क बनाए रखा जा रहा है।

किसानों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना जा रहा है तथा उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई लगातार की जा रही है। अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग ठाकुर एवं तहसीलदार रामनिवास धाकड़ द्वारा प्रदर्शनकारी किसानों से निरंतर संपर्क एवं संवाद बनाए रखा गया। किसानों की मांगों एवं समस्याओं को समझते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की गई। मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किसानों से प्राप्त मांगों एवं संबंधित विषयों का परीक्षण कर आवश्यक जानकारी एवं प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजे जा रहे हैं, ताकि नियमानुसार उचित कार्रवाई की जा सके।

### विधायक डॉ. राजेश सोनकर एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने किया आयोजनकर्ता को पुरस्कृत

# गणेश विसर्जन चल समारोह में निकला झांकियों का कारवां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौरासा



नगर भौरासा में गणेश चतुर्थी से सतत चली आ रही गणेश उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया प्रतिदिन कई तरह के आकर्षण रूप में गणेश प्रतिमाओं की घटस्थापना के साथ प्रतिदिन ढोल बाजे के साथ आरती उतार कर गणेश उत्सव मनाया।

पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगर में पांच दिवसीय ही गणेश उत्सव मनाया गया जो की गणेश चतुर्थी से नवमी तक रहता है। नवमी पर्व पर गणेश उत्सव का समापन धूमधाम से मनाया जाता हे व झाकियों के काफिले के साथ करतब बाज अखाड़े भी रहते है जो की एक से बडकर एक अखाड़ों के उस्तादो द्वारा अपनी कलाकारी दिखाई जाती है जो की पूरी रात चल समारोह में अपनी करतब बाजी दिखाते है।

चल समारोह में मंडली द्वारा धार्मिक,सामाजिक,भारतीय संदेशों के साथ कई आकर्षण झाकियां सम्मलीत होती जो की नगर के आकर्षण का केंद्र रहती है। इसी के साथ नगर से बप्पा मोरिया की विदाई होती है।

नगर के युवाओं द्वारा स्वागत मंच बनाकर स्वागत किया जाता हे जिसमें बाबा भंवरनाथ भाजपा मंडल के मंच से क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर,पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल जिला महामंत्री राजेश यादव मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा मनीष यादव प्रमोद पालीवाल हिम्मत सिंह ठाकुर नीरज सिंह ठाकुर व नगर परिषद के द्वारा स्वागत सम्मान मंच पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमिला ठाकुर उपाध्यक्ष जयसिंह राणा पार्षद छोटेलाल लोधी पार्षद विनोद डोडिया सचिन यादव द्वारा विद्युत चलित झाकियां ओर अखाड़ों को 21 हजार रुपए नगद राशि ओर शिल्ड प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इसी प्रकार बड़े हनुमान चौक पर नगर कांग्रेस द्वारा स्वागत मंच मनाया गया जिस पर पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र यादव जीवन सिंह गेंदा ठाकुर द्वारा सभी को 11 हजार रुपए नगद राशि के साथ शिल्ड प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया

## 75 साल से जारी है परंपरा: गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक होता है रामलीला का मंचन



**तनोड़िया।** नगर में गणेशोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह और भक्ती का माहौल देखने को मिल रहा है। इस वर्ष भी नगर में 75 साल से ज्यादा समय से रामलीला की सांस्कृतिक विरासत को सहेजा जा रहा है। इस परंपरा का निर्वहन 1951 से लगातार जारी है। नगर में गणेश चतुर्थी से 10 दिवसीय रामलीला का मंचन किया जाता है, जो अनंत चतुर्दशी पर श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ सम्पन्न होता है। इसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा रामायण का सजीव मंचन किया जाता है। वर्षों से किए जा रहे इस आयोजन में स्थानीय लोग रामायण के विभिन्न चरित्रों को मंच पर प्रस्तुत करते हैं।

# फेस्टिवल पर इन ट्रेंडी ड्रेसेज में पाएं फैशनेबल लुक



फेस्टिवल पर खूबसूरत लुक पाने के लिए परफेक्ट ड्रेस के सेलेक्शन में बिजी हो जाते हैं। कई लोग अपने आउटफिट को लेकर कन्फ्यूज रहते हैं। कैरी करने की तैयारी तो अमूमन सभी करते हैं। जिसके चलते ज्यादातर लोग फेस्टिवल पर खूबसूरत लुक पाने के लिए परफेक्ट ड्रेस के सेलेक्शन में बिजी हो जाते हैं। कई लोग अपने आउटफिट को लेकर कन्फ्यूज रहते हैं। दरअसल, जब बात फेस्टिवल के फैशन की आती है, तो यह केवल ट्रेंड्स को फॉलो करने तक सीमित नहीं रहता, यह परंपरा और आधुनिकता के उस हसीन संगम को दर्शाता है जहाँ आपका हर आउटफिट आपकी व्यक्तिगत पहचान और त्योहार के उत्साह को बयां करता है। तो आइए हम आपको बताते हैं दिवाली के कुछ खास ड्रेसिंग सेंस के बारे में, जिन्हें फॉलो करके आप दिवाली के सभी फेस्टिवल्स का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन सकते हैं।

## अनारकली सूट

अनारकली सूट की अपनी एक शाही और सदाबहार पहचान है, जो हर त्योहार में आपको एक क्लासिक, रॉयल और ग्रेसफुल लुक देती है। चाहे आप भारी जरी और कढ़ाई वाला एथनिक लुक पसंद करती हों या फिर हल्के फैब्रिक में फ्लोरल प्रिंट्स, अनारकली हर एथनिक स्टाइल में सहजता से फिट बैठता है। यह आउटफिट हमेशा ट्रेंड में रहता है। इसलिए आप फेस्टिवल के खास मौके पर अनारकली सूट भी पहन सकती हैं। इस तरह का सूट आपको नया लुक देगा और आप भीड़ में भी इस आउटफिट में आकर्षक दिखेंगी। आप इस ड्रेस को मार्केट में और ऑनलाइन भी कम कीमत पर खरीद सकती हैं। आप इस आउटफिट के साथ चोकर या कुंदन वर्क वाली ज्वेलरी पहन सकती हैं।

**एम्ब्रॉयडर्ड और जरी वर्क अनारकली सेट्स-** ये हैवी वर्क वाले सेट्स पारंपरिक आयोजनों, पूजा और शाम के त्योहार उत्सवों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं।

**फ्लोर-लेंथ अनारकली**-यह गाउन स्टाइल में पैर के अंगूठे तक लंबी होती है। भारी एम्ब्रॉयडरी या जरी वर्क वाली फ्लोर-लेंथ अनारकली शादी-ब्याह, रिसेप्शन और ग्रैंड फेस्टिवल इवेंट्स के लिए एकदम शाही लुक देती है।

**असमैट्रिक या सी-कट-** इसका घेरा आगे से छोटा और पीछे से लंबा, या फिर साइड से ऊंचा-नीचा होता है। यह यंग और ट्रेंडी लुक के लिए बेस्ट है।

## स्कर्ट, टॉप और दुपट्टा

अगर आप नवरात्रि के दौरान स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो इस खास मौके पर आप यह ड्रेस पहन सकती हैं। इस तरह की ड्रेस आपको स्टाइलिश तो दिखाएगी ही, साथ ही आपका लुक भी दूसरों से कुछ अलग दिखेगा। आप इस आउटफिट को ऑनलाइन और ऑफलाइन खरीद सकती हैं और इसे डिजाइनर की मदद से सिलवा भी सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप ईयररिंग्स भी पहन सकती हैं।

## शरारा सूट

त्योहारों और शादी-ब्याह के लिए शरारा सूट एक बेहद कम्फर्टेबल और रॉयल चॉइस है। इस सीजन में शॉर्ट कुर्ती के साथ हेवी फ्लेयर शरारा और सीक्विन या गोटा-पट्टी वर्क वाले सेट सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। पारंपरिक फेस्टिव लुक के लिए जरी, थ्रेड वर्क और गोटा-पट्टी डिटेलिंग वाले शरारा सेट्स बहुत ग्रेसफुल लगते हैं। इन्हें पूजा-पाठ या पारिवारिक कार्यक्रमों में आसानी से कैरी किया जा सकता है। शाम के फंक्शन या लाइट पार्टी लुक के लिए फ्लोइंग जॉर्जेट और सिल्क फैब्रिक वाले शरारा सेट्स एकदम सही रहते हैं। इनमें फ्लोरल प्रिंट्स, स्टोन वर्क और एम्बेलिश्ड सीक्वेंस स्टाइल काफी ट्रेंड में हैं।

## फेस्टिवल में साड़ी में ग्लैमरस अंदाज

साड़ी में ग्लैमरस और मॉडर्न लुक पाने के लिए इस फेस्टिवल सीजन में सीक्विन वर्क और रफल प्री-ड्रैप्ड स्टाइल सबसे आगे हैं। इन्हें संभालना आसान होता है और ये कॉकटेल पार्टी या दिवाली नाइट में एक स्टेटमेंट लुक देते हैं। इसके अलावा साड़ी पहननी है, लेकिन बोरिंग अंदाज में नहीं तो उसके साथ रेगुलर ब्लाउज की जगह क्रॉप टॉप या कोर्सेट स्टाइल ब्लाउज पहनें। ये स्टाइल आजकल बॉलीवुड सेलेब्स में भी काफी पॉपुलर है।

## धोती स्टाइल साड़ी

ये देखने में काफी अच्छी लगती है। अगर आप साड़ी को किसी अलग अंदाज में कैरी करना चाहती हैं तो ऐसी धोती स्टाइल साड़ी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसे बेल्ट या जैकेट के साथ पहनकर आप स्टाइल में चार चांद लगा सकती हैं। धोती स्टाइल साड़ी को नवमी से लेकर दिवाली पार्टी और फैमिली फंक्शन तक में कैरी किया जा सकता है। इसे हाई हील्स और स्टेटमेंट ईयररिंग्स के साथ कैरी करें। ट्रेंडी ड्रैमेटिक फ्लेयर के लिए रफल बॉर्डर या मैटेलिक शाइन वाली प्री-स्टिच्ड साड़ियां खूब पसंद की जा रही हैं। ये बेल्टेड लुक्स और उऊरफल ब्लाउज के साथ बहुत मॉडर्न और यूनिक स्टाइल स्टेटमेंट बनाती हैं।

## ऑल-ओवर सीक्विन्स प्री-ड्रैप्ड साड़ियां



लाइटवेट जॉर्जेट या नेट फैब्रिक पर ऑल-ओवर सीक्विन वर्क वाली साड़ियां शाम के फंक्शन के लिए बेहतरीन चमक और एलिगेंस देती हैं। इन्हें एम्बेलिश्ड या बीडेड ब्लाउज के साथ पेयर करके परफेक्ट ग्लैमरस वाइब मिलती है। फेस्टिवल सीजन में यदि ट्रेडिशनल ड्रेस नहीं पहनना चाहतीं, तो आप फ्यूजन वेयर ट्राई कर सकती हैं। जीन्स-टीशर्ट के साथ लॉन्ग एम्ब्रॉयडर्ड जैकेट, शॉर्ट टॉप के साथ धोती पैंट, लॉन्ग कुर्ता के साथ पलाजो, कॉर्सेट के साथ लॉन्ग स्कर्ट।

# लेटेस्ट शू ट्रेंड्स से पाएं स्टाइलिश लुक

## अगर आप नया फुटवियर खरीदना चाहते हैं, तो कौन सा ट्रेंड चुनें...

हर साल जब बड़े फैशन ब्रैंड्स अपने फाल/विंटर कलैक्शन पेश करते हैं, तब लगता है कि इन ट्रेंड्स को आने में अभी बहुत वक्त है। लेकिन देखते ही देखते अगस्त खत्म होता है और सितंबर आते ही वही रनवे ट्रेंड्स बाजार और सोशल मीडिया पर छा जाते हैं। अगर आप भी इस फाल सीजन में अपने लुक को अपग्रेड करना चाहती हैं तो जान लीजिए फाल/विंटर 2026 के सब से बड़े शू ट्रेंड्स जो इस बार फैशन की दुनिया में खूब चर्चा बटोर रहे हैं।

### कौन सा ट्रेंड चुनें

अगर आप सिर्फ एक नया फुटवियर खरीदना चाहती हैं तो लेस अप बूट्स या पौइंटेड टो हील्स सब से बेहतर विकल्प हो सकते हैं। वहीं पार्टी और फेस्टिव सीजन के लिए सैटिन शूज शानदार चौइस रहेंगे।

### पूरा फैशन स्टेटमैंट

फाल/विंटर 2026 में फुटवियर सिर्फ आराम तक सीमित नहीं रहेंगे बल्कि पूरा फैशन स्टेटमैंट बनेंगे। लेसअप बूट्स, सैटिन शूज, जेब्रा प्रिंट, कलर ब्लौकिंग और ऐक्स्ट्रा पौइंटेड टो जैसे ट्रेंड्स इस सीजन हर फैशन लवर के वौर्डरोब का हिस्सा बनने वाले हैं। अगर आप आने वाले सीजन में ट्रेंड के साथ चलना चाहती हैं तो अभी से इन स्टाइल्स को अपनी शौपिंग लिस्ट में शामिल कर सकती हैं।

### लेसअप शूज की वापसी

इस सीजन लेसअप शूज एक बार फिर ट्रेंड में हैं। घुटनों तक जाने वाले लेसअप बूट्स से ले कर छोटे लेस वाले फुटवियर तक, हर स्टाइल फैशन रनवे पर देखने को मिला। अगर आप को थोड़ा यूनीक लुक पसंद है तो कटआउट लेसअप डिजाइनें भी इस साल काफी पसंद किए जा रही हैं।

# Sport

### भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार सोना जीता

# एशियन गेम्स-2026 में भारत को पहला गोल्ड

## टीम ने मंगलवार को फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत लिया है। टीम ने मंगलवार को फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराया। भारत ने 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता था। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 216 रन बनाए। यह एशियन गेम्स में भारतीय विमेंस टीम का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। 217 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम 15.4 ओवर में 69 रन पर ऑलआउट हो गई।

थर्ड प्लेस के मैच में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता है। भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 79, ऋचा घोष ने नाबाद 49 और शेफाली वर्मा ने 48 रन की पारी खेली। मंधाना और शेफाली के बीच पहले विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी हुई। मंधाना ने इस पारी के दौरान विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में 11 हजार रन भी पूरे किए। श्रीलंका की ओर से सुगंधिका कुमारी, कविशा दिलहारी और चामुडी प्रभोदा ने एक-एक विकेट लिया। श्रीलंका की टीम 15.4 ओवर ही खेल सकी।

### 3 विकेट पर 216 रन बनाए

भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत लिया है। टीम ने मंगलवार को फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराया। भारत ने 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता था। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 216 रन बनाए। यह एशियन गेम्स में भारतीय विमेंस टीम का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। 217 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम 15.4 ओवर में 69 रन पर ऑलआउट हो गई। थर्ड प्लेस के मैच में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता है। भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 79, ऋचा घोष ने नाबाद 49 और शेफाली वर्मा ने 48 रन की पारी खेली।

**दीप्ति शर्मा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए-** भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। शेफाली वर्मा, श्रेयंका पाटिल और श्री चरणी को भी 2-2 विकेट मिले। श्रीलंका के 8 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

### साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर कोलिन ने संन्यास लिया

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के क्रिकेटर कोलिन इंग्राम ने प्रोफेशन क्रिकट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप सीजन में ग्लेमोर्गन के लिए आखिरी मैच खेला। इस सीजन में उन्होंने 12 मैचों में 628 रन बनाए।

### नैनो न्यूज

- **स्मृति ने रिकॉर्ड पारी खेली-** श्रीलंका के खिलाफ एशियन गेम्स फाइनल में स्मृति मंधाना ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड बनाया।
- **बैडमिंटन में भारत को झटका-** एशियन गेम्स महिला टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से 1-3 से हार गई। भारतीय टीम की चुनौती यहीं समाप्त हुई।
- **साक्षी चौधरी ने उलटफेर किया-** भारतीय मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता आइरा विलेगास को 5-0 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।
- **पुरुष बैडमिंटन टीम मैदान मे-**भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम एशियन गेम्स क्वार्टर फाइनल में जापान के खिलाफ उतरी, मुकाबले में भारत की नजर सेमीफाइनल पर रही।
- **टेबल टेनिस में भारत आगे बढ़ा-**भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने एशियन गेम्स में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। टीम की अगली चुनौती पदक दौर में पहुंचने की है।
- **शूटिंग में पदक की उम्मीद-**एलावेनिल वलारिवन और पार्थ माने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत की पदक उम्मीदों के साथ मैदान में उतरे।
- **भारत की हॉकी टीम तैयार-**एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष हॉकी टीम का मुकाबला श्रीलंका से है। टीम टूनार्मेंट में अपनी मजबूत शुरूआत को आगे बढ़ाने उतरेगी।

### टीम इंडिया 41वीं रैंक के जापान से हारते-हारते बची

# 5-5 ओवर के मैच में भारत ने बनाए 32 रन

## ढाई घंटे देरी से शुरू हुआ मुकाबला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



लगातार दो बार की टी-20 वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया मंगलवार को 41वीं रैंकिंग वाले जापान के खिलाफ हारते-हारते बची। एशियन गेम्स में मेंस क्रिकेट मुकाबले शुरू होने से पहले भारत और जापान के बीच यह मुकाबला रखा गया था। जापान के सानो इंटरनेशनल ग्राउंड पर बारिश के कारण मुकाबला 5-5 ओवर का कर दिया गया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 4 विकेट पर 32 रन बनाए। जवाब में जापान 5 ओवर में 3 विकेट खोकर 30 रन ही बना सका।

जापानी टीम को आखिरी ओवर में 8 रन की जरूरत थी, लेकिन भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल ने 5 रन ही दिए। इस जीत के साथ भारत आईसीसी टी-20 टीम रैंकिंग में इंग्लैंड को पीछे छोड़कर फिर से नंबर-1 बन गया है। बारिश के कारण मैच ढाई घंटे की देरी से शुरू हुआ। इसलिए ओवर्स में कटौती की गई। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने सबसे ज्यादा 16 रन बनाए। ओपनर अभिषेक शर्मा जीरो, संजू सैमसन 9 रन और ईशान किशन 3 रन पर आउट हुए। इस मुकाबले का आयोजन दोनों देशों के डिप्लोमेटिक रिलेशन के 75 साल पूरे होने के अवसर पर किया जा रहा है।

**वधु चाहिए**
क्षत्रिय युवक 49, 6 फीट हेतु वधु चाहिए। जाति बंधन नहीं, विधवा मान्य। शीघ्र विवाह।
संपर्क करें
9754109866

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.ED/D.ED/Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

सोशल एक्टिविस्ट प्रहलाद पांडेय की पत्नी बोलीं- 24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो मैं निगम में अनशन पर बैठूंगी

# अवैध बैनर-पोस्टर के खिलाफ 7 दिन से चल रहा अनशन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में सोशल एक्टिविस्ट प्रहलाद पांडेय पिछले 7 दिनों से रीगल चौराहे पर अनशन पर बैठे हैं। शहर में लगे अवैध बैनर-पोस्टरों के खिलाफ उनका अनशन जारी है। मंगलवार को उनकी पत्नी संगीता पांडेय समर्थकों के साथ नगर निगम की जनसुनवाई में पहुंचीं। उन्होंने अवैध बैनर-पोस्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि अगले 24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो वे खुद नगर निगम में अनशन पर बैठेंगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद दोनों के जीवन की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

पिछले दिनों प्रहलाद पांडेय मरीमाता इलाके में अवैध बैनर-पोस्टरों को लेकर वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि उनके मोबाइल से वीडियो डिलीट किए गए और डिवाइस को भी नुकसान पहुंचाया गया। प्रहलाद पांडेय ने इस मामले में विधायक गोलू शुक्ला के समर्थकों पर मारपीट का आरोप लगाया था। इसके बाद वे रीगल चौराहे पर गांधी प्रतिमा के नीचे अनशन पर बैठ गए थे।

अवैध बैनर-पोस्टरों के खिलाफ चल रहे अनशन को लगातार लोगों का समर्थन मिल रहा है। कई लोग गांधी प्रतिमा पर पहुंचकर प्रहलाद पांडेय से मुलाकात कर रहे हैं और उनकी सेहत की जानकारी ले रहे हैं। अनशन के दौरान वे सिर्फ पानी ले रहे हैं। उनका वजन भी कम हुआ है। डॉक्टरों ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया है।





### जनसुनवाई में पहुंचीं पत्नी, 24 घंटे का अल्टीमेटम

मंगलवार को संगीता पांडेय समर्थकों के साथ नगर निगम की जनसुनवाई में पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों से अवैध बैनर-पोस्टरों और स्वागत द्वारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। संगीता ने कहा कि शहर में कई जगह अवैध बैनर-पोस्टर और स्वागत द्वार लगे हैं, जिससे ट्रैफिक और स्वच्छता प्रभावित हो रही है। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना का भी आरोप लगाया। संगीता पांडेय ने कहा, आज नगर निगम में निवेदन किया है कि कार्रवाई करें। अगले 24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो मैं नगर निगम में अनशन पर बैठ जाऊंगी। इसके बाद हम दोनों के जीवन की जिम्मेदारी प्रशासन और इंदौर की जनता की होगी।

## न्यूज कॉलम

### 9.71 करोड़ का बस स्टैंड अधूरा, 10 महीने से काम बंद

**धार।** शहर में 9.71 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा अत्याधुनिक बस स्टैंड करीब तीन साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। 10 मई 2023 को भूमिपूजन के समय इसे वर्ष 2024 तक पूरा करने की बात कही गई थी, लेकिन 22 सितंबर 2026 तक निर्माण अधूरा है। करीब 9 से 10 महीने से काम बंद पड़ा है। अब बस स्टैंड की जगह बदलने के प्रस्ताव को लेकर रहवासियों और जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति जताई है। मंगलवार को बस स्टैंड क्षेत्र के रहवासी और जनप्रतिनिधि पहले धार विधायक नीना वर्मा के बंगले पहुंचे और पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा को आवेदन सौंपा।

### महिला को बाइक पर बैठाकर पीटते ले गए, सड़क पर बाल पकड़कर खींचे

**धार।** गंधवानी में सोमवार शाम करीब 7 बजे एक महिला के साथ पहले मारपीट की गई। इसके बाद दो लोग उसे बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गए। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला के साथ मारपीट और उसे बाइक पर बैठाकर ले जाते लोग नजर आ रहे हैं। मामला गंधवानी थाने का है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि दो लोग बाइक से आते हैं। इनमें से एक महिला के पास जाकर उसका हाथ पकड़ लेता है। महिला खुद को छुड़ाने की कोशिश करती है, लेकिन युवक हाथ नहीं छोड़ता। इसके बाद वह महिला को उठाकर बाइक पर बैठा देता है। महिला लगातार विरोध करती नजर आती है। वह बचाओ-बचाओ चिल्लाती है, लेकिन दोनों लोग उसे बाइक पर बैठाकर ले जाते हैं।

## 70 करोड़ की एमडी तस्करी केस में ईडी की कार्रवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

करीब 70 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन (एमडी) की कथित तस्करी से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की इंदौर टीम ने आरोपियों से जुड़ी 90 लाख रुपए से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियां अंतरिम रूप से कुर्क की हैं। ये संपत्तियां हैदराबाद और मंदसौर में स्थित बताई गई हैं।

ईडी के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियां ड्रग केस के आरोपी वेद प्रकाश व्यास, दिनेश अग्रवाल और अक्षय अग्रवाल से जुड़ी हैं। एजेंसी ने इन संपत्तियों को लेकर अंतरिम कुर्की आदेश जारी किया है। क्राइम ब्रांच ने वेद प्रकाश व्यास, दिनेश अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल और अन्य के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत मामला दर्ज किया था। केस करीब 70 करोड़ रुपए मूल्य की मेफेड्रोन की व्यावसायिक मात्रा के कथित अवैध कब्जे और तस्करी से जुड़ा है।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

भारत सरकार
डॉक्टर साहब, आप तुरंत इलाज शुरू करिए... पैसों की चिंता मत करिए
क्योंकि अब हमारे साथ है आयुष्मान भारत का भरोसा
• 60+ करोड़ ज़रूरतमंदों को ₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज
• 70+ आयु के 6 करोड़ बुज़ुर्गों को भी आयुष्मान भारत की सुविधा
• लाभार्थियों को ₹2 लाख करोड़ की सीधी बचत हुई
• 13+ करोड़ हॉस्पिटल एडमिशन
देशभर में 38,000 से अधिक अस्पतालों में इलाज की सुविधा
1.86 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 60+ जाँच और 150+ दवाइयां फ्री
लाभार्थी को अपने राज्य से बाहर भी देश के किसी भी हिस्से में इलाज की सुविधा
कैंसर, हार्ट और ऑर्गन ट्रांसप्लांट जैसी गंभीर बीमारियों के लिए भी 100% कवरेज


CBC 17180/13/0009/2627
अपनी पात्रता अभी जांचें: Ayushman App | beneficiary.nha.gov.in टोल-फ्री 14555

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com